हिन्दी

राघवपाण्डवीय

पं० दामोदर झा

चौखम्बा विद्याभवन
चौक (बनारस स्टेट बैंक के पीछे)
पो० बा० न० १०६९
वाराणसी २२१०००१

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला
१२८

कविराजपण्डितविरचितं

राघवपाण्डवीयम्

सुबोधिनी-सरला-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः—
पं० श्रीदामोदरझा साहित्याचार्यः
(संस्कृताध्यापक : प्रभुनारायण राजकीय इण्टर कालेज,
रामनगर वाराणसी ।)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-२२१००१

॥ श्रीः ॥

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

१२८

कविराजपण्डितविरचितं

राघवपाण्डवीयम्

सुबोधिनी-सरला-संस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

व्याख्याकारः

पं० श्रीदामोदरझा साहित्याचार्यः

(संस्कृताध्यापक : प्रभुनारायण राजकीय इण्टर कालेज,

रामनगर, वाराणसी ।)

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

१९६५

प्रकाशक : चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी
मुद्रक : विद्याविलास प्रेस, वाराणसी
संस्करण : प्रथम, वि० सं० २०२२

Bhawan
Copy

© The Chowkhamba Vidya Bhawan,
Chowk, Varanasi-1 (India)
1965

Phone : 3076

भूमिका

अपूर्वे काव्यसंसारे कविरेकः प्रजापतिः ।
यथास्मै रोचते विश्वं तथेदं परिवर्तते ॥

शृङ्गारी चेत्कविर्जातं सर्वं रसमयं जगत् ।
स एव वीतरागश्चेन्नीरसं सर्वमेव तत् ॥

आदि कवि महर्षि वाल्मीकि से लेकर अद्यावधि काव्यसंसार उत्कर्ष की ओर बढ़ता आया है और आभूत-संप्लव बढ़ता जायगा। इस सृष्टि में सूर्य, चन्द्रमा तथा तारागणों के सदृश जो दीप्यमान काव्य हैं वे तो मनुष्य-प्रवाह की [illegible] सीमा तक रहेंगे किन्तु जो मन्दप्रभ होकर ही उत्पन्न होते हैं वे दीपों [illegible] भाँति कुछ क्षण प्रकाशित होकर काल के गर्भ में विलीन हो जाते हैं। इस [illegible] कितने काव्य रङ्गमञ्च पर आ कर तिरोभूत हुए हैं ? इस का पता लगाना [illegible] सम्भव नहीं है। जो बचे हुए हैं उन्हीं से इस प्रवाह के स्वरूप का परिचय हो [illegible] है।

आदिकाल से लेकर पुराणों के रचनाकाल तक यद्यपि दि[illegible]र-दिन इस का उत्कर्ष होता गया किन्तु तब तक पाणिनीय व्याकरण का प्र[illegible]न होने से न तो व्याकरण का ही कोई ठोस स्वरूप था और न काव्य की [illegible]ओं की ओर लोगों की रुचि अग्रसर हुई थी। कुछ अलङ्कारों का परिचय त[illegible] गया था किन्तु कवि-गण उन्हें गौण दृष्टि से देखते थे। वे तो अपनी [illegible] में विविध शास्त्रों के सिद्धान्तों के निरूपण करने में ही अपना पुरुषार्थ सम[illegible] थे।

विक्रम संवत् के प्रारम्भ से दो ढाई शत[illegible] पूर्व अश्वघोष के समय से इस का कुछ परिमार्जित रूप दृष्टिगोचर हो[illegible] है। काव्य को सर्वतोभावेन परि[illegible]र्जित स्वरूप देने का श्रेय तो भास को [illegible]। इन के कुछ ही दिन पश्चात् कालिदास ने काव्य-जगत् में पदार्पण कर [illegible]प के स्वरूप को परिमार्जित भाषा तथा अलङ्कारों से सुसज्जित कर दिया [illegible]

कुछ समय पश्चात् सुबन्धु की [illegible]दत्ता तथा बाण की कादम्बरी को देख कर कवियों के हृदय में [illegible] हस्तकौशल की ओर रुचि जागृत हुई। श्लेष तथा चित्रकाव्य का [illegible]नर्माण होने लगा। समय-क्रम से दशवीं शताब्दी भोजराज का समय तो इस [illegible]बाजी का केन्द्र समझा जाता है।

यद्यपि चौदहवीं शताब्दी में श्रीहर्ष जैसे अनश्वर-प्रकाश इस जगत् में आये तथा और भी अनेक उपस्थित हुए हैं किन्तु काव्यकला का आम्रेडन तो नवमी शताब्दी से बारहवीं शताब्दी तक ही विशेषरूप में हुआ है।

इस से पूर्व कालिदास, भवभूति, सुबन्धु तथा बाण आदि अनेक यशस्वी कवियों की कृतियाँ संसार में उपस्थित हो चुकी थीं, अब उक्त समय के कविगण इन से बढ़कर अपनी रचना का विकास देखना चाहते थे। जिस मार्ग से कालिदास आदि आगे बढ़े थे उस सरल-सरस मार्ग में इन से आगे बढ़ जाना सम्भव नहीं दिखायी दिया। फिर चित्रकाव्य रचना के द्वारा ही इन लोगों ने अपना मनोरथ पूर्ण समझा।

इसी परम्परा में राघवपाण्डवीय के रचयिता पण्डित कविराज आते हैं। इन्हों ने प्रस्तुत राघवपाण्डवीय काव्य में आदि से अन्त तक एक ही शब्दावली से रामायण तथा महाभारत दोनों कथानकों का वर्णन कर के अपने को कालि-दा[illegible]दिकों से ऊँचा नहीं तो बराबर तो अवश्य समझा है।

[illegible]ों ने लिखा है—

सुबन्धुर्बाणभट्टश्च कविराज इति त्रयः।
वक्रोक्तिमार्गनिपुणाश्चतुर्थो विद्यते न वा॥

इस से [illegible] सिद्ध होता है कि वासवदत्ताकार सुबन्धु तथा कादम्बरीकार बाणभट्ट की श्रे[illegible] अपने को मानते हुए ये कवि अन्य कवियों से अपना ऊँचा स्थान समझते हैं[illegible]

चित्रकाव्यप्रधा[illegible] चतुःशताब्दी में इस राघवपाण्डवीय के सदृश अनेक काव्य बने हैं। दशवीं [illegible] पूर्वार्ध में राजा मुञ्ज की सभा के सदस्य धनञ्जय का बनाया हुआ भी ए[illegible]पाण्डीय नाम का महाकाव्य है। यह काव्य अठारह सर्गों में है। इस मे[illegible] इस काव्य का नाम धनञ्जयसर्ग के अन्त में धनञ्जय शब्द आया है इसलिये सदस्य थे, यह बात इन्हों ने स्वयम् है। ये कवि मुञ्ज राजा की सभा के

विष्णोः सुतेना[illegible] दशरूपक में स्पष्ट की है। जैसे—

विद्वन्मनोर[illegible]
आविष्कृतं मुञ्जमह[illegible]:।
वैदग्ध्यभाजा [illegible]

इसी प्रकार अन्य भी चित्रकाव्य हैं—हरदत्तसू[illegible] लिखा हुआ 'राघव-नैषधीय' काव्य है, इस में श्रीराम तथा नल के चरि[illegible] के द्वारा एकत्र निबद्ध

किये हुए हैं। चालुक्य सोमदेव (११२३ ई०–११३८ ई०) के सभापण्डित 'विद्यामाधव' ने 'पार्वतीरुक्मिणीय' नामक नव सर्ग का काव्य बनाया है जिस में इन्हों ने पार्वती और रुक्मिणी के विवाह का श्लेष शब्दों में एकसाथ वर्णन किया है। 'यादवराघवीय' नामक एक ३०० श्लोक में लघु काव्य है। जिस में विलोम पद्धति से राम और कृष्ण दोनों के चरित्रों का एकसाथ वर्णन किया गया है। यह श्लेष-काव्य तो नहीं कहा जा सकता अपि तु विलोम काव्य कहा जा सकता है। इस में साधारण क्रम से पढ़ने पर राम का चरित्र निकलता है और श्लोकों को उलटे क्रम से पढ़ने पर कृष्ण का चरित्र निकलता है। चिदम्बर सुमति ने एक काव्य लिखा है, इस का नाम 'राघवपाण्डवीययादवीय' है। इस में श्लेष के द्वारा रामायण, महाभारत तथा भागवत की कथाओं का त्रिवेणी संगम कराया गया है। श्लेष काव्यों में इनकी कृति अतुलनीय है। ये चिदम्बरसुमति विजयनगर के राजा व्यंकट (१५८६–१६१४ ई०) के सभा-पण्डित थे। इस काव्य में केवल तीन सर्ग हैं और यह अभी तक अप्रकाशित ही है। दैवज्ञ सूर्य ने अपने रामकृष्ण विलोमकाव्य में श्लेष के बिना सहायता के ही द्व्यर्थक काव्य का निर्माण किया है। इस में केवल ३६ या ३८ श्लोक हैं जिस के प्रथमार्ध में राम की और द्वितीयार्ध में कृष्ण की प्रशस्ति है। इस में श्लोक का उत्तरार्ध पूर्वार्ध का ही विपरीत क्रम से निबद्ध पाठ है जिसे विलोमकाव्य कहते हैं। दैवज्ञ सूर्य का समय १६वीं शताब्दी का पूर्वार्ध है। चिदम्बर कवि ने पञ्चकल्याण चम्पू नामक एक विचित्र ही चम्पू का निर्माण किया है। जिस में एक साथ ही राम, कृष्ण, शिव, विष्णु तथा सुब्रह्मण्य के विवाह के कथानकों का वर्णन किया गया है।

इस प्रकार प्रस्तुत राघवपाण्डवीय काव्य के रचयिता कविराज पण्डित श्लेषकाव्य के कलाकारों में से एक हैं। पुरातत्व के अन्वेषक के० बी० पाठक के विचार से इस कवि का व्यक्तिगत नाम माधवभट्ट था कविराज इनकी उपाधि थी; परन्तु डाक्टर सुब्बैया ने प्रमाणित किया है कि इस कवि का वास्तविक नाम ही 'कविराज' था, यह उपाधि नहीं थी। क्योंकि इन्हों ने अपने नाम के अन्त में 'सूरि' शब्द को जोड़ कर प्रयोग किया है। यह 'सूरि' शब्द नाम के अन्त में जोड़ा जाता है, उपाधि के अन्त में नहीं। यथा—

तस्यावदातैः कविसूक्तिसूत्रैः संस्यूतनानागुणरत्नराशेः।
विनोदहेतोः कविराजसूरिर्निबन्धनद्वन्द्वमिदं विधत्ते॥

रा० पा० १।३५

यह कवि जयन्तीपुर में कादम्ब-वंश के राजा कामदेव के आश्रय में रहते

थे। कामदेव राजा का समय ११८२–११८७ ई० है। अतः इस कवि का समय बारहवीं शताब्दी का उत्तरार्ध है। प्रस्तुत लेख में इसवी वर्ष आदि का निर्देश पूज्यपाद श्रीबलदेव उपाध्याय जी के "संस्कृत-साहित्य का इतिहास' नामक ग्रन्थ के आधार पर किया गया है।

प्रस्तुत 'राघवपाण्डवीय' काव्य में तेरह सर्ग हैं। कवि ने सभी सर्गों के अन्तिम श्लोक में 'कामदेव' शब्द का प्रयोग किया है, अतः इस काव्य को 'कामदेवाङ्क' काव्य कहा गया है।

पूर्ववर्ती धनञ्जय के 'राघवपाण्डवीय' काव्य के रहते हुए भी इस कवि ने फिर से 'राघवपाण्डवीय' काव्य बना कर व्यङ्ग्य-भाषा में धनञ्जय के 'राघव-पाण्डवीय' से अपने 'राघवपाण्डवीय' को ऊँचा बताया है। इन्हों ने कामदेव राजा का वर्णन करते हुए लिखा है—

"श्रीविद्याशोभिनो यस्य श्रीमुञ्जादियती भिदा।
धारापतिरसावासीदयं तावद्धरापतिः ॥"
रा० पा० १।१८

इस श्लोक में इन्होंने धनञ्जय के आश्रयदाता मुञ्ज को केवल धारानगरी का और अपने आश्रयदाता कामदेव को पूरी पृथ्वी का पति बताया है। व्यञ्जनाशक्ति से ये राजा मुञ्ज तथा राजा कामदेव के व्यक्तित्व में यही अन्तर तथा धनञ्जय के 'राघवपाण्डवीय' और अपने 'राघवपाण्डवीय' के महत्त्व में भी यही अन्तर कह रहे हैं। इतना ही नहीं; इन्हों ने 'सुबन्धुर्बाणभट्टश्च' इत्यादि श्लोक लिख कर अपनी इस कृति को वासवदत्ता तथा कादम्बरी के तुल्य मानते हुए अन्य कवियों की सभी कृतियों को अधःस्थित माना है।

इस कवि ने प्रारम्भ से लेकर अन्त तक रायायण तथा महाभारत दोनों कथानकों का श्लेष की सहायता से एक ही शब्द में निर्वाह किया है। यह कवि वेदव्यास के ऊपर आधुनिक दृष्टिकोण से वाल्मीकीय रामायण के अनुकरण करने का अपवाद लगा दिये होता; यदि यह साद्यन्त एकरूपता का निर्वाह कर लिये होता। किन्तु पूरा निर्वाह नहीं हो सका है। इन्हों ने राम के पक्ष का वर्णन युधिष्ठिर के पक्ष के साथ तथा रावण के पक्ष का वर्णन दुर्योधन के पक्ष के साथ मिला कर किया है; किन्तु कहीं कहीं निर्वाह न होने के कारण राम के पक्ष का वर्णन दुर्योधन के पक्ष के साथ तथा रावण के पक्ष का वर्णन युधिष्ठिर के पक्ष के साथ मिला कर किया है। जो कि हम आगे दरसायेंगे। यही कारण है कि व्यासदेव अनुकरण करने के कलङ्क से बच गये। वाल्मीकीय की घटनाओं के ऊपर श्लेष

करने के लिये महाभारत से यह कवि इस प्रकार की घटना खोज निकालते हैं जो देख कर जनता प्रमुग्ध हो जाती है।

इन्हों ने अपने ग्रन्थ के प्रारम्भ में अभीष्ट देवताओं को प्रणाम किया है। इस के पश्चात् अपने ग्रन्थ के आधारभूत ग्रन्थों के कर्ता वाल्मीकि तथा कृष्ण-द्वैपायन की वन्दना की है।

इस के पाश्चात् इन्हों ने अपने आश्रयदाता कादम्बवंश-भूषण राजा कामदेव की प्रशंसा की है; जिन की प्रेरणा से इन्हों ने यह ग्रन्थ लिखा है। तदनन्तर अपनी श्लेषकाव्य लिखने की शैली स्पष्ट की है। इस के पश्चात् सज्जनों की प्रशंसा तथा अपने काव्य के प्रति उनकी प्रवृत्ति की प्रार्थना की है। तदनन्तर अपने उद्दिष्ट काव्य का प्रारम्भ किया है।

इस के प्रारम्भ में इन्हों ने राजा दशरथ की परिस्थितियों से मिलाकर राजा पाण्डु की परिस्थियों का वर्णन किया है। इन में से भी दोनों की मृगयाविहार-मुनिबध-शाप आदि परिस्थितियों को बड़ी निपुणता से मिलाया है।

इस के पश्चात् दशरथ के पुत्रों की तथा पाण्डु के पुत्रों की उत्पत्ति का वर्णन मिश्रितरूप से किया गया है। इस के बाद इन दोनों पक्षों के क्रमशः बढ़ने का वर्णन उन की विशेष घटनाओं का भी मिश्रण करते हुए किया गया है। इस के अनन्तर राम को विश्वामित्र के साथ भेजना तथा युधिष्ठिर को वारणावत नगर को भेजना, इन दोनों घटनाओं को मिला कर कवि ने वर्णन किया है। दूसरे तपोवन जाने के रास्ते में तथा एकचक्र-नगर जाने के रास्ते में ताड़का तथा हिडिम्बा निशाचरी का दर्शन साथ-साथ कराया है। यहाँ इन्हों ने एक का मरण तथा दूसरी का विवाह कराने के लिये 'जीवितेश' (यम तथा पति) शब्द को प्रयत्नपूर्वक ढूँढ निकाला है।

द्वितीय सर्ग के प्रारम्भ में कवि ने राम को जनकपुर के स्वयंवर तथा युधिष्ठिर को पञ्चाल नरेश द्रुपद के यहाँ द्रौपदी के स्वयंवर में पहुँचाया है। सीता तथा द्रौपदी का वर्णन तो एक ही शब्दावली से किया ही है। फिर धनुषभङ्ग तथा लक्ष्यवेध, दोनों का वर्णन भी एक ही शब्दावली से किया है। विवाह कर के अपने नगर लौटने पर रामादिकों की पितृभक्ति को युधिष्ठिरादिकों की पितृव्यभक्ति से मिलाकर वर्णन किया है। चार पुत्रों से राजा दशरथ की शोभा से, चार अनुजों से राजा युधिष्ठिर की शोभा का संवाद किया है।

इसके बाद इन्द्र की सहायता के लिये राजा दशरथ के युद्ध का वर्णन अर्जुन के खाण्डववन-दहन में मिला कर किया गया है। आगे दशरथकृत यज्ञ

को युधिष्ठिरकृत राजसूय यज्ञ से मिलाया गया है। फिर मन्थरा के द्वारा राम के राज्यापहरण को द्यूतक्रीड़ा के द्वारा युधिष्ठिर के राज्यापहरण को मिलाया है।

बीच-बीच में दोनों पक्षों की बहुत सी छोटी-छोटी बातों को भी कवि ने मिलाने की स्तुत्य-कला दिखलायी है; प्रस्तुत लेख में उन सभी स्थलों का विश्लेषण करने से इस का काय विशाल हो जायगा, इस भय से मैं गौण बातों को छोड़ते हुए केवल मुख्य घटनाओं का उल्लेख करते हुए प्रकृत ग्रन्थ का परिचय दे रहा हूँ।

दोनों के वनवास का साथ-साथ वर्णन करते हुए वन में रामकृत विराधवध को भीमकृत किर्मीरवध से मिला कर कवि ने वर्णन किया है। यहाँ तक के कथानक से तृतीय सर्ग समाप्त किया है।

इस काव्य में जब कवि दोनों पक्षों की विशेष घटनाओं का ही सम्मेलन नहीं कर पाते हैं तब किसी एक पक्ष की साधारण घटना से मिला कर दूसरे पक्ष की विशेष घटना का वर्णन कर देते हैं। जैसे चतुर्थ सर्ग के आदि में अर्जुनकृत तपस्या के फलस्वरूप श्रीशङ्कर जी के दर्शन को रामकृत अगस्त्य ऋषि के दर्शन से मिलाकर कवि ने वर्णन किया है तथा दोनों से अस्त्र-प्राप्ति का भी उल्लेख किया है।

तदनन्तर अर्जुन की स्वर्ग-स्थिति को राम के वन में स्वस्थ रहने के साथ सम्मेलन किया है। इस में स्वर्ग में अर्जुन के प्रति उर्वशी की कामवासना का शूर्पणखा की कामवासना से मिलान किया गया है।

जनस्थान के खरदूषणादि राक्षसों के युद्ध का वर्णन स्वर्ग में निवातकवच जाति के राक्षसों के युद्ध से मिलाकर बहुत विस्तारपूर्वक किया गया है। इस युद्ध से लौट कर दोनों के अपने सगे भाई तथा पत्नी के पास पहुँचने का वर्णन है।

पाचवें सर्ग में पंचवटी में रावण के आगमन को कवि ने घोषयात्रा के लिये दुर्योधन के पाण्डवों के निवास-वन में आगमन से मिलाया है। तदनन्तर कवि ने रावण के द्वारा सीतापहरण का वर्णन जयद्रथ के द्वारा द्रौपदी के अपहरण से मिलाया है, इस में भी राम के मारीचमृग के पीछे जाने का वर्णन पाण्डवों के शिकार के लिये वनान्तर गमन से मिला कर किया है। इस अपहरण में जटायु पक्षी द्वारा अवरोध का वर्णन भीम के द्वारा किये गये जयद्रथ के अवरोध से मिला कर किया गया है। किन्तु इस में प्रस्तावक्रम के विरुद्ध रावणकृत जटायु की दुरवस्था का भीमकृत जयद्रथ की दुरवस्था से सम्मेलन कराया गया है।

तदनन्तर कबन्ध राक्षस से राम के साक्षात्कार का युधिष्ठिरादिकों की बुद्धि की परीक्षा के लिये जलप्रतिबन्धक यक्षरूपधारी धर्मराज के साक्षात्कार का सम्मेलन है।

पम्पासरोवर के परिसर वन में राम के पहुँचने का वर्णन पाण्डवों के मत्स्य-देश में पहुँचने के साथ किया गया है। बालि के वध का वर्णन कीचक के वध के साथ मिलाकर किया गया है।

इसके पश्चात् कवि ने दोनों पक्षों से सम्बन्ध जोड़ते हुए वर्षाऋतु का वर्णन तथा उसके अन्त होने पर उत्कृष्ट कविकला दिखलाते हुए शरद ऋतु का वर्णन कर के पाँचवा सर्ग समाप्त किया है।

छठे सर्ग के प्रारम्भ में अव्यवस्थितरूप से साधारण तथा विशेष घटनाओं को मिलाते हुए कवि अग्रसर हो रहे हैं; जैसे—शरत्काल से राम के कष्ट को दुर्योधनादि के द्वारा गोग्रहण के लिये विराट-देश पर आक्रमण से मिलाया है। इस से आगे बानरों की सेना के समारोह को अपनी गायों की रक्षा के लिये राजा विराट के सैनिक-समारोह से मिलाया है। फिर हनुमान् की सीतान्वेषणयात्रा को उत्तरकुमार के साथ बृहन्नलारूपधारी अर्जुन की युद्ध-यात्रा से मिलाया है। इस के बाद हनुमान् के समुद्रतट पर पहुँच कर समुद्रदर्शन का वर्णन कवि ने अर्जुन के कौरवी-सेना के समीप पहुँच कर सैन्यावलोकन से मिला कर किया है। फिर हनुमान् के समुद्र के उल्लङ्घन का वर्णन सिन्धुदेश के राजा जयद्रथ के अपमानित होने के साथ मिला कर किया है। आगे सीता-दर्शन को अर्जुन के द्वारा विराट के गायों के दर्शन से मिलाया है। इस के बाद अशोकवन-मर्दन का वर्णन अर्जुनकृत कौरव सैन्यमन्थन से मिला कर करते हुए हनुमान् तथा राक्षस-सेना के युद्ध का वर्णन अर्जुन तथा कौरव-सेना के युद्ध से मिला कर कवि ने किया है। फिर प्रस्तावक्रम के विरुद्ध यहाँ मेघनाद के द्वारा हनुमान् के बन्धन का वर्णन अर्जुन के द्वारा दुर्योधन के अव-रोध से मिलाकर किया है। इस के पश्चात् हनुमदादि के द्वारा मधुवनभङ्ग के अपराध के सुग्रीव द्वारा क्षमाकरण कार्य को कवि ने विराट द्वारा युधिष्ठिर के सिर पर अक्षप्रहाररूपी अपराध के युधिष्ठिर द्वारा क्षमाकरण कार्य से मिलाया है। फिर राम के द्वारा हनुमान् के वचनों के उत्तर देने से विराट के द्वारा अभिमन्यु को उत्तरा दान का सम्मेलन कर के कवि ने छठा सर्ग समाप्त किया है।

सातवें सर्ग के प्रारम्भ में राम की सेना के समारोह को युधिष्ठिर की सेना के समारोह से कवि ने मिलाया है। युद्ध से पूर्व विभीषण के आगमन से

घटोत्कच के आगमन का मिलान किया है। फिर राम के द्वारा समुद्र-दर्शन तथा वानरों से निर्मित सेतु के दर्शन को कृष्ण का संग्रह करने के लिये गये हुए पहले दुर्योधन के द्वारा समुद्र-दर्शन, कुछ श्लोकों के बाद अर्जुन के द्वारा समुद्र के दर्शन तथा कृष्ण के द्वारा की हुई द्वारका की व्यवस्था के दर्शन से मिलाया है। इस के पश्चात् सुवेलपर्वत ने रावण को सुविधा देते हुए राम को सुविधा दी थी, इस बात को कृष्णकृत दुर्योधन को सैनिक-सहायता दान करते हुए अर्जुन को स्वशरीर समर्पण से मिलाया है।

इस के पश्चात् रावण के भेजे हुए शुक-दूत के साथ धृतराष्ट्र के भेजे हुए दूत से मिला कर बहुत से उत्तर-प्रत्युत्तर कराये गये हैं। इस के अनन्तर दोनों सैनिकों की तैयारी का वर्णन किया गया है। तदनन्तर दूतरूप में अङ्गद के साथ सम्मेलन कर के श्रीकृष्ण को दूतरूप में भेजा गया है। इस में सीता लौटाने की बातचीत का राज्य लौटाने की बातचीत से मिला कर वर्णन किया गया है। आगे सीता-वियोग से व्यथित राम को सुग्रीव के द्वारा समझा-बुझा कर स्वस्थ करने की परिस्थिति से मिला कर स्वजनवध की आशङ्का से व्यथित अर्जुन को श्रीकृष्ण के द्वारा समझा-बुझा कर स्वस्थ करने की परिस्थिति का वर्णन किया गया है। इस प्रकार सातवाँ सर्ग समाप्त किया गया है।

इस के पश्चात् आठवें सर्ग के प्रारम्भ से दोनों पक्षों के युद्धों को मिलाते हुए वर्णन किया गया है। फिर श्लेष के द्वारा राम-रावण सैनिकों के तथा युधिष्ठिर-दुर्योधन-सैनिकों के प्रधान वीरों के नामोल्लेख करते हुए वह्निपुत्र सेनापति नील का वह्निप्रभव सेनापति धृष्टद्युम्न से सम्मेलन करा कर वर्णन किया गया है।

अश्विनीकुमार के पुत्र मैन्द-द्विविद को अश्विनीकुमार के पुत्र नकुल-सहदेव से मिलाते हुए, वायु के पुत्र हनुमान् को वायु-पुत्र भीम से सम्मेलन कराकर युद्ध का वर्णन किया गया है। इस से आगे सहस्रकिरण वाले सूर्य के पुत्र सुग्रीव का वर्णन सहस्रनेत्रवाले इन्द्र के पुत्र अर्जुन से मिला कर किया गया है। फिर राम के पक्षीय विभीषण राक्षस का वर्णन पाण्डव-पक्षीय घटोत्कच राक्षस से मिला कर किया गया है। आगे श्लेष के द्वारा राम तथा अर्जुन के विशेष युद्ध का वर्णन किया गया है। इस स्थान में रावण के पक्ष के मेघनाद के युद्ध का वर्णन कौरव-पक्षीय भीष्म के युद्ध से मिलाकर किया गया है। इन के विरोध में इन्द्र के पौत्र अङ्गद के युद्ध का वर्णन इन्द्र के पौत्र अभिमन्यु के युद्ध से मिला कर किया गया है।

आगे रामलक्ष्मण दोनों भाइयों को कृष्णार्जुन से मिलाकर विपक्षीय मेघनाद को भीष्म से मिलाया गया है तथा इस के द्वारा दोनों भाई राम के नागपाश-बन्धन को भीष्म के द्वारा नागसदृश बाणों से कृष्णार्जुन को आच्छादित कर देने से मिलाया गया है।

फिर पाशबद्ध होकर राम के भूमि पर पतन को क्रोध से भीष्म को मारने के लिये कृष्ण के रथ से नीचे उतरने से मिलाया गया है। तदनन्तर गरुड़ के द्वारा राम के नागपाश-मुक्ति-क्रिया का अर्जुन के द्वारा श्रीकृष्ण को प्रकृतिस्थ करने से मिलान है। आगे प्रहस्त के आक्रमण का वर्णन भीष्म के पुनराक्रमण के साथ ही है। इस के बाद नील के द्वारा प्रहस्त के बध को शिखण्डी के द्वारा भीष्म के वध से मिलाया गया है। फिर युद्ध में उपस्थित हुए रावण को कर्ण के साथ एकरूपता देकर आठवाँ सर्ग समाप्त हुआ है।

नवमें सर्ग के प्रारम्भ में दोनों-दोनों सेनाओं को मिलाते हुए युद्ध का विस्तृत वर्णन कर के सुग्रीव से मानभङ्ग प्राप्त कर के सायंकाल रावण के लङ्कानगर में प्रवेश करने को अर्जुन के द्वारा किरीटखण्डित होने के बाद सायंकाल कर्ण के शिबिर-प्रवेश से मिलाया गया है।

इस के बाद के युद्ध में कुम्भकर्ण से मिलाकर भगदत्त को युद्ध करने के लिये भेजा गया है। कुम्भकर्ण के भयङ्कर युद्ध को भगदत्त के भयङ्कर युद्ध से मिला कर फिर आगे कुम्भकर्ण के युद्ध से भगदत्त के योजनपाल हाथी के भयङ्कर युद्ध में मिला कर वर्णन किया गया है। इस के बाद सुग्रीव तथा भीम सम्मिलित रूप में कुम्भकर्ण तथा योजनपाल हाथी से भिड़े हैं, इस युद्ध में दोनों की अर्थात् सुग्रीव तथा भीम की बहुत बुरी दशा हो गयी, किसी-किसी प्रकार दोनों के प्राण बच गये हैं। फिर कुम्भकर्ण तथा भगदत्त के भयङ्कर युद्ध में अपनी-अपनी सेना को भागते हुए देखकर राम तथा अर्जुन मोर्चे पर उपस्थित होकर कुम्भकर्ण तथा भगदत्त से लड़ने लगे हैं। त्रिभुवनकम्प उत्पन्न करने वाले भयङ्कर युद्ध में राम ने कुम्भकर्ण को तथा अर्जुन ने भगदत्त को मार डाला है। दोनों के शिर तथा शरीर को पृथ्वी पर गिराते हुए कवि ने नौवाँ सर्ग समाप्त किया है।

दशवें सर्ग के प्रारम्भ में स्वजन-वध से क्रोधित रावण तथा दुर्योधन के द्वारा विशाल सैनिक-संघटन किया गया है। रावण-पक्ष के इस संघटन में मिला कर द्रोणाचार्यकृत पद्मव्यूह (चक्रव्यूह) रचना का भी वर्णन है। इस युद्ध के प्रारम्भ में रावण के पुत्र देवान्तक ने (इसी का नाम नरान्तक भी कहा गया है)

अङ्गद को युद्ध के लिये घेर लिया है। इसी वर्णन के साथ में मिला कर सुशर्मा राजा के द्वारा अर्जुन के युद्ध के लिये ललकारे जाने का वर्णन किया गया है। देवान्तक के सैन्य-संनिवेश को तोड़ने के लिये राजा सुग्रीव ने इन्द्र के पौत्र अङ्गद को आदेश दिया है, इन्हीं शब्दों के द्वारा द्रोणकृत व्यूह को तोड़ने के लिए राजा युधिष्ठिर ने इन्द्र के पौत्र अभिमन्यु को आदेश दिया है।

अङ्गद ने तथा दूसरे पक्ष में अभिमन्यु ने भयङ्कर युद्ध में शोणित की नदियाँ बहा दी हैं। बहुत बड़े युद्ध में अङ्गद के सम्मुख वही देवान्तक आया है तथा इन्हीं शब्दों के द्वारा अभिमन्यु के सामने दुःशासन का पुत्र दोषण आया है। दोनों-दोनों में द्वन्द्व युद्ध हुआ है तथा इस युद्ध में देवान्तक तथा अभिमन्यु स्वर्ग स्थित हो गये अर्थात् मारे गये और अङ्गद तथा दोषण स्वस्थ चित्त हो गये अर्थात् प्रसन्न हो गये। उक्त दोनों मरने वालों के पिताओं के मन में अशान्ति फैल गयी जिस से भयङ्कर युद्ध का उद्योग होने लगा। यहाँ भी प्रस्ताव क्रम के विरुद्ध रावण-पक्षीय देवान्तक की मृत्यु के साथ पाण्डवपक्षीय अभिमन्यु की मृत्यु से सम्मेलन कराया गया है।

इस के बाद हनुमान् के द्वारा त्रिशिरा नामक राक्षस के बध से मिला कर सात्यकी के द्वारा भूरिश्रवा के बध का वर्णन किया गया है। फिर लक्ष्मण के द्वारा अतिकाय के वध से मिला कर अर्जुन के द्वारा जयद्रथ-वध का वर्णन किया गया है। इस प्रकार दशवाँ सर्ग समाप्त होता है।

ग्यारहवें सर्ग के प्रारम्भ में दोनों-दोनों पक्षों के सैनिक समारोह के पश्चात् मेघनाद तथा द्रोणाचार्य को एकशब्दावली के द्वारा युद्ध में प्रवेश करा कर कवि ने दोनों के भयङ्कर-युद्ध का प्रदर्शन कराया है।

इसके पश्चात् प्रस्ताव क्रम के विरुद्ध सूर्य के पुत्र सुग्रीव तथा कर्ण को मिला कर राक्षस से युद्ध कराया गया है। इस जगह कर्ण का प्रतिपक्षी घटोत्कच राक्षस था। इसी उपक्रम में सुग्रीव के द्वारा कुम्भ का विनाश तथा कर्ण के द्वारा घटोत्कच का निधन एक ही शब्दावली से हुआ है। आगे कुम्भकर्ण के पुत्र निकुम्भ तथा द्रोणाचार्य को साथ-साथ युद्ध में प्रवेश कराया गया है। फिर हनुमान् के द्वारा निकुम्भ का वध तथा धृष्टद्युम्न के द्वारा द्रोणाचार्य का वध एक ही शब्दावली से र ाया गया है।

इस से आगे पिता के मारने का वैर धारण करने वाला खर का पुत्र मकराक्ष ने तथा पिता के मारे जाने से वैर धारण करने वाले अश्वत्थामा ने साथ-साथ भयङ्कर युद्ध में वीरता दिखलायी है। राम के पास पहुँच कर मकराक्ष का प्रताप

समाप्त हो गया, दूसरे पक्ष में—श्रीकृष्ण के समक्ष अश्वत्थामा के नारायणास्त्र का प्रभाव नष्ट हो गया। यहीं पर कवि ने ग्यारहवां सर्ग समाप्त किया है।

बारहवें सर्ग के आदि में रावण ने मेघनाद के ऊपर युद्धविजय की पूरी आशा कर के इसे युद्ध में भेजा हैं, उधर दुर्योधन ने इसी रूप में कर्ण को भेजा है। राम के पक्ष से अग्नि के पुत्र नील के सेनापतित्व में सेना आगे बढ़ने लगी, उधर युधिष्ठिर के पक्ष से अग्निप्रभव धृष्टद्युम्न के सेनापतित्व में सेना युद्ध के लिये निकली है। भयङ्कर युद्ध के बाद आगे चल कर राम के साथ मेघनाद का युद्ध हुआ है उधर राजा युधिष्ठिर के साथ कर्ण का युद्ध दिखलाया गया है। इस युद्ध में मेघनाद ने माया-सीता का वध करते हुए दुर्वचनों से राम को मर्माहत किया है, शिबिर में आने पर राम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण को यह समाचार सुनाया है। इस वचन से लक्ष्मण भी शोकाकुल हो गये हैं, फिर विभीषण ने दोनों को समझा-बुझाकर स्वस्थ किया है। उधर कर्ण ने युद्ध में युधिष्ठिर का अपमान किया है तथा दुर्वचनों से इन्हें मर्माहत किया है, शिबिर में आने पर इन्होंने अपने छोटे भाई अर्जुन को कुछ खरी-खोटी सुनायी है जिस से अर्जुन युधिष्ठिर के ऊपर क्रोधित हो गये हैं, फिर श्रीकृष्ण ने दोनों को समझा-बुझा कर स्वस्थ किया है।

इस के बाद राम ने अपने छोटे भाई लक्ष्मण को तथा युधिष्ठिर ने अपने छोटे भाई अर्जुन को शत्रु का वध करने के लिये पूर्ण समारोह के साथ भेजा है। फिर विभीषण ने लक्ष्मण का पार्ष्णिग्रहण कर के उस के भयङ्कर सैनिकों का विनाश किया है। इसी शब्दावली से भीम के द्वारा अर्जुन का पार्ष्णिग्रहण कर के दुःशासन का संहार कराया गया है। फिर मेघनाद-लक्ष्मण तथा कर्णार्जुन के महाभयङ्कर युद्धवर्णन के अन्त में लक्ष्मण के द्वारा मेघनाद का तथा अर्जुन के द्वारा कर्ण का संहार एक ही शब्दावली से दिखलाया गया है।

इस से आगे स्वयं रावण की अध्यक्षता में बहुत बड़ी सेना युद्ध में आयी है, उधर राजा शल्य की अध्यक्षता में कौरवी सेना लड़ने चली है। इस युद्ध में राम के द्वारा राक्षसी सेना के विनाश के साथ युधिष्ठिर के द्वारा शल्यवध का वर्णन किया गया है। इस से आगे विरूपाक्ष-वध के साथ सहदेव के द्वारा शकुनि के वध का वर्णन है। फिर रावण तथा दुर्योधन की सेना के संहार होने का वर्णन तो साथ-साथ है ही आगे सायंकाल अपनी सेना विनष्ट हुई देखकर शोकाकुल रावण लङ्कानगर में प्रवेश करता है तथा इन्हीं शब्दों से दुर्योधन का युद्धभूमि त्याग कर के व्यास ह्रद में प्रवेश करा कर कवि ने बारहवाँ सर्ग समाप्त किया है।

तेरहवें सर्ग के प्रारम्भ में रावण के अपने नगर से न निकलने पर सेनासहित राम ने उस के निवासस्थान लङ्कादुर्ग को घेर लिया है इस के बाद रावण युद्ध के लिये बाहर निकला है। इन्हीं शब्दों से दुर्योधन के व्यासह्रद से बाहर न निकलने पर सेना सहित राजा युधिष्ठिर ने व्यासह्रद को घेर लिया है फिर दुर्योधन के युद्ध के लिये बाहर निकलने का भी वर्णन किया गया है। आगे राम ने जिस प्रकार रावण को युद्ध के लिये आह्वान किया है उसी प्रकार भीम ने युद्ध के लिए दुर्योधन को ललकारा है। फिर राम के युद्धभूमि में उतरने के साथ-साथ इधर इस युद्धस्थल में बलराम के आगमन का वर्णन किया गया है। इस से आगे इन दोनों-दोनों के युद्ध देखने के लिये देवगन्धर्वादिकों से आकाश के भरने का विस्तृत वर्णन है। आगे भयङ्कर युद्ध का वर्णन किया गया है। इस युद्ध में विजय प्राप्त करने में सन्दिग्ध राम को पुरातन मुनि अगस्त्य ने आदित्यहृदय स्तोत्र से सूर्य की आराधनारूपी उपाय बताया है। उधर भीम को जीतने में संन्दिग्ध देख कर पुरातन मुनि श्रीकृष्ण ने जांघों पर गदाप्रहाररूपी उपाय इशारे से सूचित किया है। फिर दशो मुखों के कट जाने से रावण तथा ऊरुभङ्ग होने से दुर्योधन जमीन पर गिर गया है। दोनों के पराजय होने से पुष्पवृष्टि तथा देवाङ्गनाओं के नृत्य का वर्णन समानरूप से है।

इस से आगे अग्निपरीक्षा में सीता के अग्नि से बाहर निकलने के वर्णन से मिलाकर द्रौपदी के मानसिक दुःखरूपी सन्ताप से बाहर निकलने का अर्थात् उस सन्ताप से मुक्त होने का वर्णन किया गया है।

इस के पश्चात् एक ही शब्दावली के द्वारा राम तथा युधिष्ठिर राजधानी के लिये प्रस्थान कर के भरत तथा धृतराष्ट्र से मिले हैं। दोनों के आगमन से अयोध्या तथा हस्तिनापुर में महोत्सव का समारोह हुआ है। आगे राम तथा युधिष्ठिर अपनी अपनी माता कौशल्या तथा कुन्ती को प्रणाम किये हैं तथा दोनों नूतन पुत्र-जन्म होने के सदृश प्रसन्न हुई हैं।

इस से आगे एक ही शब्दावली से राम लक्ष्मण तथा युधिष्ठिरादिकों का जटामोक्ष हुआ है, राज्याभिषेक का समारोह हुआ है फिर राज्याभिषेक हुआ है। इसी प्रसङ्ग में सुख-समृद्धि का वर्णन है। अन्त में अगस्त्यमुनि से अनेक प्राचीन कथाएँ सुनने के पश्चात् राजा राम ने वानरों को अपने-अपने नगर को जाने के लिये विदा किया है। इसी शब्दावली से राजा युधिष्ठिर ने भीष्मपितामह से धर्म सम्बन्धी अनेक प्रकार के उपदेश सुनने के पश्चात् श्रीकृष्ण को अपनी नगरी द्वारकापुरी जाने के लिये बिदा किया है। यहीं पर कवि कविराज ने राम,

युधिष्ठिर तथा अपने आश्रयदाता इस ग्रन्थ के निर्माण कराने वाले राजा कामदेव से पृथिवी का पालन कराते हुए ग्रन्थ को समाप्त किया है।

इस कवि ने पाण्डव-पक्ष का वर्णन राम के पक्ष के वर्णन से मिला कर तथा कौरव पक्ष का वर्णन रावण के पक्ष के वर्णन से मिला कर काव्य बनाने का उपक्रम किया था, जिस का निर्वाह इस ने अन्त तक पूर्णरूप से कर लिया है। समुचित घटना न मिलने के कारण निम्नलिखित चार स्थानों में कवि को उपक्रम से विरुद्ध आचरण करना पड़ा है अर्थात् राम के पक्ष से मिला कर कौरव पक्ष का वर्णन तथा रावण के पक्ष से मिला कर पाण्डव पक्ष का वर्णन करना पड़ा है।

प्रथम—रावण के द्वारा जटायु की दुर्दशा से मिला कर भीम के द्वारा जयद्रथ की दुर्दशा का वर्णन किया गया है। द्वितीय—मेघनाद के द्वारा हनुमान् के बन्धन से अर्जुन के द्वारा विराटनगर में दुर्योधन के अवरोध को मिलाया गया है। तृतीय—रावण के पुत्र देवान्तक की मृत्यु के साथ अभिमन्यु के निधन का वर्णन हुआ है। चतुर्थ—सुग्रीव के द्वारा कुम्भराक्षस-वध से कर्ण के द्वारा घटोत्कच-वध को मिलाया गया है। इन से अतिरिक्त सर्वत्र उपक्रम का निर्वाह पूर्णरूप से किया गया है। घोषित कर के कहना पड़ता है कि इस कवि की कृति शतमुख से स्तुत्य है।

सर्गबन्धो महाकाव्यं तत्रैको नायकः सुरः।
सद्वंशः क्षत्रियो वापि धीरोदात्तगुणान्वितः॥
शृङ्गारवीरशान्तानामेकोऽङ्गी रस इष्यते।
अङ्गानि सर्वेऽपि रसाः सर्वे नाटकसन्धयः॥
इतिहासोद्भवं वृत्तमन्यद्वा सज्जनाश्रयम्।
चत्वारस्तस्य वर्गाः स्युस्तेष्वेकञ्च फलं भवेत्॥
आदौ नमःक्रियाशीर्वा वस्तुनिर्देश एव वा।
क्वचिन्निन्दा खलादीनां सताञ्च गुणकीर्तनम्॥
एकवृत्तमयैः पद्यैरवसानेऽन्यवृत्तकैः।
नानावृत्तमयः क्वापि सर्गः कश्चन दृश्यते॥
नाति स्वल्पा नातिदीर्घाः सर्गा अष्टाधिका इह।
सर्गान्ते भाविसर्गस्य कथायाः सूचनं भवेत्।
सन्ध्यासूर्येन्दुरजनी-प्रदोषध्वान्त-वासराः॥
प्रातर्मध्याह्नमृगयाशैलर्तुवनसागराः।
सम्भोगविप्रलम्भौ च मुनिस्वर्गपुराध्वराः॥
रणप्रयाणोपयममन्त्रपुत्रोदयादयः।

वर्णनीया यथायोगं साङ्गोपाङ्गाः अमी इह ॥
कवेर्वृत्तस्य वा नाम्ना नायकस्येतरस्य वा ।
नामास्य सर्गोपादेयकथया सर्गनाम तु ॥

उपर्युक्त लक्षण के अनुसार यह 'राघवपाण्डवीयम्' भी महाकाव्य है। इस में भी राम तथा युधिष्ठिर धीरोदात्त नायक हैं। वीर रस अङ्गी है। यथासंभव अन्य सभी रस अङ्ग हैं। इतिहासोद्भव कथानक हैं। ग्रन्थारम्भ से अन्त तक उद्देश्य-भूत एक ही फल है। ग्रन्थारम्भ में नमस्क्रिया खलों की निन्दा सज्जनों का अभिमुखीकरण आदि सभी उचित उपक्रमों से युक्त है। प्रायः सभी सर्गों में नानावृत्त वाला नियम लागू किया गया है। सर्गों की संख्या आठ से अधिक है। सर्गान्त में अग्रिम कार्यक्रम का भी आभास मिल ही जाता है। यद्यपि सन्ध्या-सूर्येन्दु का वर्णन विस्तारपूर्वक नहीं है फिर भी 'मृगयाशैलर्तुवनसागराः' का वर्णन तो विस्तृतरूप से है ही। इस में वर्षा ऋतु तथा शरद् ऋतु का वर्णन सौन्दर्य का प्रवाह वहाते हुए बृहद् रूप में किया गया है। विप्रलम्भशृङ्गार का वर्णन तो है ही; स्थान-स्थान पर सूक्ष्मरूप में संभोगशृङ्गार का भी वर्णन है। मुनियों का वर्णन स्वर्ग, नगर तथा मार्गों का वर्णन है। युद्धयात्रा, विजय, विवाह, मन्त्रणा, पुत्रप्राप्ति तथा अभ्युदय आदि विषयों का साङ्गोपाङ्ग वर्णन किया गया है। इस प्रकार इस काव्य को महाकाव्यों की श्रेणी में रखने के सम्बन्ध में किसी को विप्रतिपत्ति नहीं होनी चाहिये। मैं तो कहूँगा कि एक ग्रन्थरूपी शरीर में दो महाकाव्य हैं; क्यों कि दोनों पक्ष महाकाव्य के लक्षणों से पूर्णरूप से लक्षित हो रहे हैं। अस्तु इस विशेष प्रतिभाशील कवि का यशो-गान करते हुए मैं अपनी कलम को विश्राम देता हूँ।

विदुषामनुचरः
दामोदर झा

निर्जला एकादशी
वि० सं० २०२२

॥ श्रीः ॥

राघवपाण्डवीयम्

सुबोधिनी-सरलासंस्कृत-हिन्दीव्याख्योपेतम्

प्रथमः सर्गः

स्वाधिष्ठानाम्बुजरजःपुञ्जपिञ्जरमूर्त्तये ।
इच्छाधीनजगत्सृष्टिकर्मणे ब्रह्मणे नमः ॥ १ ॥

वन्दे गुरुवरौ पूर्वं मुकुन्दमुरलीधरौ ।
याभ्यामभ्यञ्जितं चक्षुर्मामार्थानवलोकते ॥
कविराजकृते काव्ये राघवैः पाण्डवैः प्लुते ।
वागर्थप्रतिपत्त्यर्थं वन्दे वाणी-विनायकौ ॥

स्वस्यात्मनोऽधिष्ठानं स्थितिस्थानं यदम्बुजं कमलं तस्य रजसां परागाणां पुञ्जेन पिञ्जरमूर्त्तये पीतस्वरूपाय परागधूसरितायेत्यर्थः। इच्छाधीना या जगत्सृष्टिः संसाररचना, सैव कर्म यस्य तस्मै ब्रह्मणे परमेष्ठिने नमः।

काव्यकार कविराज अभीष्ट देवता को नमस्कार करते हैं—अपने बैठने का स्थान जो कमल, उसके पराग से पीले स्वरूप वाले और अपनी इच्छा के अधीन संसार-रचना का कार्य है जिनका अर्थात् स्वेच्छा से संसार-रचना करने वाले ब्रह्मा जी को नमस्कार करता हूँ ॥ १ ॥

पुनातु वः सरस्वत्या विलासशिशुकः शुकः ।
करांशुमय-माणिक्य-पञ्जरान्तरगोचरः ॥ ॥

करांशुमयमाणिक्यपञ्जरान्तरगोचरः करस्य येंऽशुकाः किरणाः तन्मयं तद्रूपं यन्माणिक्यपञ्जरं तदन्तरस्य तन्मध्यभागस्य गोचरः विषयीभूतः तन्मध्यस्थित इत्यर्थः, सरस्वत्याः वाग्देव्याः विलास-

शिशुकः विलासो लीला तदर्थं शिशुकः बालकः इव 'इवे प्रतिकृताविति कः। शुकः शुकपक्षी वः युष्मान् पाठकान् श्रोतॄँश्च पुनातु पवित्रयतु।

हाथ के किरण रूपी मणिपञ्जर में रहने वाला श्री सरस्वती जी का कीडा-शुक आपलोगों (पाठकों, श्रोताओं) को पवित्र करे ॥ २ ॥

ब्रह्माण्डमण्डलच्छद्म-पद्मकुड्मलदीर्घिका ।
जायतां जगतः शान्त्यै शाम्भवी शक्तिरेकिका ॥ ३ ॥

ब्रह्माण्डमण्डलच्छद्मपद्मकुड्मलदीर्घिका ब्रह्माण्डानां ब्रह्मगोलकानां यन्मण्डलं समूहः तच्छद्मना कपटेन यानि पद्मकुड्मलानि कमलकोरकाणि तेषां दीर्घिका वापी ब्रह्माण्डानामुत्पत्तिस्थानं सृजनकर्त्रीत्यर्थः। एवंभूता एकिका अद्वितीया शाम्भवी शक्तिः शिवसम्बन्धिनी शक्तिः पार्वतीत्यर्थः। जगतः संसारस्य जगन्निवासिन इति भावः। शान्त्यै उपद्रवराहित्याय जायताम् भवतु।

ब्रह्माण्डों के बहाने जो कमल-कलिकाएँ उनके लिये कमलवापिका स्वरूप जो शङ्कर जी की अकेली शक्ति पार्वती वह सारे संसार की शान्ति के लिये होवें ॥३॥

श्रीलतालिङ्गिताङ्गस्य विष्णुकल्पद्रुमस्य वः ।
अवतारमहाशाखाः पुष्णन्तु फलमीप्सितम् ॥ ४ ॥

श्रीलतालिङ्गिताङ्गस्य श्रीर्लक्ष्मीरेव लता, पक्षे श्रिया शोभया युक्ता लता श्रीलता तया आलिङ्गिताङ्गस्य आलिङ्गितशरीरस्य पक्षे आवेष्टितशरीरस्य विष्णुकल्पद्रुमस्य विष्णुरेव कल्पद्रुमः तस्य अवतारमहाशाखाः अवतारा मत्स्यादयः एव बृहच्छाखाः ताः वः युष्माकम् ईप्सितमभीष्टं फलं पुष्णन्तु पुष्टिं नयन्तु पूरयन्त्वित्यर्थः। अत्र श्लेषानुप्राणितं रूपकमलङ्कारः।

लक्ष्मीरूपी लता से आलिङ्गित शरीरवाले विष्णुरूपी कल्पवृक्ष की अवतार-रूपी बड़ी-बड़ी डालियाँ आपलोगों के मनोभिलषित फल की पुष्टि करें ॥ ४ ॥

कान्तिः श्रीकण्ठकण्ठस्य जयत्यालिङ्गनोत्सुका ।
स्कन्धारूढेव कालिन्दी मौलिमन्दाकिनीर्ष्यया ॥ ५ ॥

मौलिमन्दाकिनीर्ष्यया मौलौ शिरसि या मन्दाकिनी गङ्गा तस्याः ईर्ष्यया विद्वेषेण आलिङ्गनोत्सुका परिरम्भणोत्कण्ठिता स्कन्धारूढा स्कन्धोपरि आरूढा कालिन्दीव यमुनेव श्रीकण्ठकण्ठस्य शिवगलस्य कान्तिः आभा जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते। अत्रोत्प्रेक्षालङ्कारः।

शिर पर अवस्थित गङ्गा जी की ईर्ष्या से मानो आलिङ्गन के लिये उत्सुक कन्धे पर चढ़ी हुई यमुना की तरह भासमान शङ्कर जी के गले की कान्ति विजयी है अर्थात् सर्वश्रेष्ठ होने के कारण प्रणम्य है ॥ ५ ॥

स नः करोतु विघ्नानां वारणं वारणाननः ।
मदधाराभिरारब्ध-भोगावलिरिवालिभिः ॥ ६ ॥

अलिभिरिव भ्रमरैरिव मदधाराभिः दानोदकरेखाभिः आरब्ध-भोगावलिः आरब्धा भोगावलिः सर्पशरीरपङ्क्तिः सर्पशरीराकारा रेखाः इति भावः, यस्मिन् सः 'भोगः सुखे धने चाहेः शरीरफणयोरपि' इति मेदिनी । वारणाननः गजाननः नः अस्माकं विघ्नानां प्रत्यूहानां वारणं निरसनं करोतु । अत्र अलीनां मदधाराणाञ्च उभयेषां प्रस्तुतत्वादपि उपमैवालङ्कारः, उपमानोपमेययोः द्वयोः प्रस्तुतत्वेऽपि भवत्युपमालङ्कारः । आरब्धभोगावलिरित्यत्र गम्योत्प्रेक्षा ।

भौंरों के समान काली मदधाराओं से जिन के शरीर में सर्पशरीरों का समूह बनाया जाता है अर्थात् सर्पशरीर के आकार की रेखाएँ बनायी जाती हैं वह गणेश जी हमारे विघ्नों का निरोध करें ॥ ६ ॥

जगत्प्रदीपयोर्वंशौ सूर्याचन्द्रमसोरपि ।
ययोरुद्दीपितौ वाग्भिस्तौ वन्दे कविपुङ्गवौ ॥ ७ ॥

जगत्प्रदीपयोः जगतां प्रकाशकयोः सूर्याचन्द्रमसोः सूर्यचन्द्रयोः अपि वंशौ अन्ववायौ ययोः वाल्मीकिद्वैपायनयोः वाग्भिः वचनैः रामायणमहाभारतरूपैरिति भावः । उद्दीपितौ प्रकाशतां नीतौ तौ कवि-पुङ्गवौ कविश्रेष्ठौ वाल्मीकिद्वैपायनौ वन्दे प्रणमामि ।

संसार के प्रकाशित करने वाले सूर्य और चन्द्रमा के भी वंश जिन दो कवि-श्रेष्ठों के रामायण-महाभारत रूप वचनों से प्रकाशित किये गये उन दोनों कवि-श्रेष्ठ वाल्मीकि और द्वैपायन को प्रणाम करता हूँ ॥ ७ ॥

अन्यो विधाता वाल्मीकिरादिकाव्यं कमण्डलुः ।
रघुनाथ-कथा गङ्गा तया पूता जगत्त्रयी ॥ ८ ॥

वाल्मीकिः अन्यो विधाता प्रसिद्धब्रह्मणः अपरः स्रष्टा । आदि-काव्यं रामायणं तस्य कमण्डलुः कुण्डी जलपात्रमिति यावत् । रघुनाथकथा रामोपाख्यानं गङ्गा सुरसरित् तया रामकथास्वरूपिण्या गङ्गया जगत्त्रयी त्रिभुवनं पूता पवित्रीकृतम् । अत्र रूपकमलङ्कारः ।

वाल्मीकि कवि अपर ब्रह्मा हैं और उनकी रामायण ही उनका कमण्डलु है तथा राम की कथा ही गङ्गा जी हैं जिस से तीनों भुवन पवित्र किये गये। ब्रह्मा के कमण्डलु में रहने वाली गङ्गाजी ने भी तीनों भुवन पवित्र किये हैं इसलिये यह रूपक अत्यन्त सयुक्तिक है ॥ ८ ॥

द्वैपायनोऽपरो ब्रह्मा तत्सृष्टिर्भारतार्णवः ।
सूक्तयो दिव्यरत्नानि त्रैलोक्यं तैरलङ्कृतम् ॥ ९ ॥

द्वैपायनः वेदव्यासः अपरो ब्रह्मा अतिरिक्तो विधाता, तत्सृष्टिः तस्य रचना भारतार्णवः महाभारतसमुद्रः, सूक्तयः सुललितपद्यानि एव दिव्यरत्नानि शोभनरत्नस्वरूपाणि, तैः सूक्तिरत्नैः त्रैलोक्यं त्रिभुवनम् अलङ्कृतम् आभूषितम् जातम्। अत्र सावयवरूपकमलङ्कारः।

वेदव्यास अतिरिक्त ब्रह्मा हैं और उनकी रचना है महाभारतरूपी समुद्र तथा उसके सुललित पद्य हैं सुन्दर सुन्दर रत्न, उनसे तीनों भुवन अलङ्कृत हुए हैं ॥९॥

निःश्रेण्यौ ब्रह्मलोकस्य वाग्देव्याः कर्णकुण्डले ।
धर्मद्रुममहामूले वाल्मीकिव्यासयोः कृती ॥१०॥

वाल्मीकिव्यासयोः रामायणमहाभारतनिर्मात्रोः कृती रामायण-महाभारतस्वरूपकर्मणी ब्रह्मलोकस्य निःश्रेण्यौ युगलसोपाने वाग्देव्याः सरस्वत्याः कर्णकुण्डले कर्णाभूषणकुण्डलस्वरूपे तथा धर्मद्रुममहामूलें धर्मरूपिणो वृक्षस्य वृहद् युगलमूलभूते स्तः। अत्र मालारूपक-मलङ्कारः।

वाल्मीकि और व्यास के रामायण और महाभारतरूपी दोनों कार्य ब्रह्मलोक की दो सीढ़ियां, सरस्वती देवी के दो कुण्डल तथा धर्मरूपी वृक्ष की दो विशाल जड़ें हैं ॥ १० ॥

भारतादिपुराणानि श्रीरामचरितानि च ।
त्रिसन्ध्यसवनान्येष सर्वसाधारणो मखः ॥ ११ ॥

भारतादिपुराणानि महाभारतादिपुराणानि श्रीरामचरितानि रामायणम् पुराणानां रामायणस्य च पठनं श्रवणमिति भावः। त्रिसन्ध्य-सवनानि त्रिसन्ध्यं स्नानानि 'सवनं त्वध्वरे स्नाने सोमनिर्दलनेऽपि च' इति मेदिनी। एष मखः यज्ञः सर्वसाधारणः सर्वेषां सामान्यः सर्वेषां सुलभः अस्तीत्यर्थः।

महाभारतादि पुराण और रामायण, इनका पठन तथा श्रवण करना तथा तीनों सन्ध्याओं में स्नान करना यह यज्ञ सभी के लिये सुलभ है ॥ ११ ॥

पुराणरामायणभारतादिक्षीराणि संयोजितभक्तिवत्सैः ।
पुरातनैर्या दुदुहे कवीन्द्रैः सा भारती कामदुघा ममास्तु ॥१२॥

संयोजितभक्तिवत्सैः संयोजिता भक्तिरेव वत्सा यैः तैः भक्तिं कृत्वेत्यर्थः । पुरातनैः प्राचीनैः कवीन्द्रैः वाल्मीक्यादिभिः या भारती सरस्वती पुराणरामायणभारतादिक्षीराणि, पुराणानि मत्स्यकूर्मादीनि रामायणमहाभारतादीनि क्षीराणि पयांसि दुदुहे दुग्धा सा सरस्वती मम कामदुघा अभिलषितफलदात्री अस्तु भवतु । अत्र रूपकमलङ्कारः । तथा उपेन्द्रवज्रेन्द्रवज्रयोरुपजातिवृत्तम् ।

जो सरस्वती प्राचीन कवियों के द्वारा भक्तिरूपी वत्स का संयोग कराकर पुराण-रामायण आदि दूध दुही गयी, वह सरस्वती मेरे लिये मनोरथ पूर्ण करनेवाली होवें ॥ १२ ॥

अस्ति कादम्बसन्तान-सन्तानकनवाङ्कुरः ।
कामदेवः क्षमादेव-कामधेनुर्जनेश्वरः ॥१३॥

कविराजः चिकीर्षितकाव्यविषयं प्रस्तौति—अस्तीति । कादम्बसन्तानसन्तानकनवाङ्कुरः कादम्बः कलहंसः 'कादम्बः कलहंसे स्याद्' इत्यमरः । तस्य सन्तानः वंशः 'वंशोऽन्ववायः सन्तान'इत्यमरः । हंसपर्यायः कादम्बसंज्ञको वंशः इत्यर्थः । स एव सन्तानकः कल्पवृक्षः तस्य नवाङ्कुरः नवीनप्ररोहः क्षमादेवकामधेनुः क्षमादेवानां भूदेवानां ब्राह्मणानामिति यावत् । कामधेनुः मनोरथपूरकः कामदेवः जनेश्वरः कामदेवसंज्ञको राजा अस्ति । अत्रानुष्टुप्छन्दः ।

कादम्बवंशरूपी कल्पवृक्ष का नवप्ररोह स्वरूप ब्राह्मणों को अभिलषित वस्तु देनेवाला कामदेव नाम का राजा है ॥ १३ ॥

कामः पुरातनो येन नूतनेनाभिभूयते ।
भार्गवो राघवेणेव रामो रामेण संगरे ॥१४॥

नूतनेन नवीनेन येन कामदेवेन राज्ञा पुरातनः प्राचीनः कामः रतिपतिः, संगरे युद्धे नूतनेन रामेण राघवेण रामचन्द्रेण पुरातनः रामः भार्गव इव परशुराम इव अभिभूयते तिरस्क्रियते रूपेणेति भावः । यथा नूतनेन रामेण पुरातनो रामः परशुरामः युद्धे अभिभूतः तथा नवीनेन कामदेवेन राज्ञा प्राचीनः कामः मन्मथः सौन्दर्येण पराजीयते इत्यर्थः । अत्रोपमालङ्कारः ।

नवीन राम के द्वारा प्राचीन राम परशुराम जैसे युद्ध में जीते गये उसी प्रकार

नवीन कामदेव राजा के द्वारा प्राचीन काम--कामदेव जीते जाते हैं अर्थात् सौन्दर्य से जीते जाते हैं ॥ १४ ॥

दत्तयः कीर्तयश्चैव यदीयाः कर्णमार्गगाः ।
कान्ताभ्यश्च कविभ्यश्च कामदं यस्य दर्शनम् ॥१५॥

यदीयाः यस्य कामदेवस्य राज्ञः सम्बन्धिन्यः दत्तयः दानानि कीर्तयश्च कर्णमार्गगाः राधेयकर्णपथगामिन्यः, राधेयः कर्णोऽपि महादानी आसीत्, कीर्तिपक्षे जनानां श्रवणमार्गेषु गमनशीलाः सन्ति, यस्य कामदेवस्य राज्ञः दर्शनम् अवलोकनम् कान्ताभ्यः प्रियाभ्यः कामदं कामविकारोत्पादकम् कविभ्यश्च कामदम् अभिलषितपूरकम् अस्ति ।

जिस कामदेव राजा के दान अङ्गपति कर्ण के रास्ते से चलने वाले हैं अर्थात् कर्ण के ही समान यह राजा भी दानी है, और जिस कामदेव राजा की कीर्तियाँ लोगों के कान के रास्ते से चलने वाली हैं अर्थात् सभी लोगों से सुनी गयी हैं, और जिसका दर्शन प्रेयसियों के लिये कामविकार उत्पन्न करने वाला तथा कवियों के लिये मनोरथ पूर्ण करने वाला है ॥ १५ ॥

दधानोऽपि धनुर्विद्यावैशारद्यं किरीटिवत् ।
अङ्गनापाङ्गबाणानां यः स्वयं याति लक्ष्यताम् ॥१६॥

यः कामदेवो राजा किरीटिवत् अर्जुनवत् धनुर्विद्यावैशारद्यम् अस्त्रविद्यानैपुण्यं दधानोऽपि धारयन्नपि अङ्गनापाङ्गबाणानां कामिनीकटाक्षशराणाम् स्वयम् आत्मना एव लक्ष्यतां शरव्यतां याति गच्छति। अत्र धनुर्विद्यावैशारद्यं दधानोऽपि बाणलक्ष्यतां यातीत्यत्र बाणलक्ष्यतानिवारणकारणभूते धनुर्विद्यावैशारद्ये सत्यपि बाणलक्ष्यतागमनेन विशेषोक्तिरलङ्कारः। अथवा अङ्गनापाङ्गबाणानामेव लक्ष्यतां याति शत्रुबाणानां लक्ष्यतां न याति इत्यर्थे सति परिसंख्यालङ्कारः ।

जो कामदेव राजा अर्जुन के समान धनुर्विद्या में निपुणता धारण करने पर भी कामिनियों के कटाक्षबाणों का स्वयं निशाना बनता है अर्थात् सुन्दर और तरुण होने के कारण कामिनियों के कटाक्षों से सदा बींधा जाता है ॥ १६ ॥

यद्यशोराजहंसस्य ब्रह्माण्डं पञ्जरायते ।
ग्रासक्षीरायते चास्य पुरस्तात् क्षीरनीरधिः ॥१७॥

यद्यशोराजहंसस्य यस्य कामदेवस्य राज्ञः यशोराजहंसस्य कीर्तिमरालस्य ब्रह्माण्डं ब्रह्मगोलकं सम्पूर्णं जगदिति यावत्, पञ्जरायते पञ्जरमिव आचरति अर्थात् यथा पञ्जरेबद्धो हंसः पञ्जरमात्रं परिभ्रमन्

शोभते तथैवास्य यशः सम्पूर्णब्रह्माण्डान्तः परिभ्रमद् विराजते। अस्य यशोराजहंसस्य पुरस्तात् अग्रे क्षीरनीरधिः दुग्धोदधिः ग्रासक्षीरायते कवलदुग्धमिवाचरति अर्थात् यथा हंसस्य पुरो वर्तमानस्य ग्रास-क्षीरस्य हंसशरीरापेक्षया महदल्पत्वं वर्तते तथैवास्य यशसः परि-माणापेक्षया क्षीरनीरधेरत्यल्पत्वं वर्त्तते। उभयत्रोपमालङ्कारः।

जिस कामदेव राजा के राजहंस के समान यश के लिये सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड पिंजरे के समान आचरण करता है अर्थात् जिसका यश सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड में भरा हुआ है तथा जिसके सामने स्थित दुग्धसमुद्र उसके भोजन दुग्ध के समान है। यहाँ भी दुग्धसमुद्र के ग्रास-क्षीर होने से यशोराजहंस की विस्तृतता व्यक्त होती है ॥१७॥

श्रीविद्याशोभिनो यस्य श्रीमुञ्जादियती भिदा।
धारापतिरसावासीदयं तावद्धरापतिः ॥१८॥

श्रीविद्याशोभिनः श्रिया राजलक्ष्म्या विद्यया च शोभिनः शोभ-मानस्य यस्य कामदेवस्य राज्ञः श्रीविद्याशोभिनः श्रीविद्याख्यया तान्त्रिकपटलविशेषसिद्धया शोभिनः शोभमानात् श्रीमुञ्जात् मुञ्ज-नामकनृपात् इयती भिदा एतावानेव भेदः आसीत् यत् असौ मुञ्जः धारापतिः धाराख्यायाः नगर्याः पतिः आसीत् अयं तावत् कामदेवस्तु धरापतिः सम्पूर्णपृथिवीपतिः अस्ति। अत्र व्यतिरेकोऽलङ्कारः॥

लक्ष्मी और सरस्वती से सुशोभित जिस कामदेव राजा का श्रीविद्या नामक तान्त्रिक सिद्धि से शोभित श्री मुञ्जराजा से केवल इतना ही अन्तर है कि वह धारा नामक नगरी का पति था और यह धरा अर्थात् सम्पूर्ण पृथिवी का पति है ॥१८॥

धर्मार्थकामान् भजता यथावदनुबन्धिनः।
अवन्ध्या येन नीयन्ते सज्जना इव वासराः ॥१९॥

अनुबन्धिनः परस्परसंबद्धान् धर्मार्थकामान् त्रिवर्गं यथावद् समुचितरीत्या भजता सेवमानेन येन कामदेवेन राज्ञा सज्जना इव वासराः दिवसाः अवन्ध्याः सफलाः नीयन्ते याप्यन्ते (अयं भावः यथायं सज्जनान् सफलान् पूर्णकामान् स्वान् स्वान् गृहान् नयति प्रेषयति तथैवायं धर्मार्थकामैः सफलान् दिवसानपि गमयति)। अत्रो-पमालङ्कारः।

आपस में संबद्ध धर्म, अर्थ, काम इस त्रिवर्ग का समुचित प्रकार से सेवन करते हुए जिस कामदेव राजा के द्वारा पूर्णमनोरथ सज्जनों के समान त्रिवर्गसेवन से सफल दिन बिताये जाते हैं ॥ १९ ॥

दूषणध्वंसदक्षेण पुण्यसेतुप्रवर्तिना ।
रामेणेव कृतं येन जनस्थानमकण्टकम् ॥२०॥

दूषणध्वंसदक्षेण खरानुजदूषणराक्षसविनाशकुशलेन पक्षे दोषनिवारणचतुरेण पुण्यसेतुप्रवर्तिना पुण्यस्य मनोज्ञस्य सेतोः सेतुबन्धस्य प्रवर्तिना प्रतिष्ठापकेन, पक्षे-पुण्यस्य धर्मस्य सेतोः मर्यादायाः प्रवर्तिना संस्थापकेन, 'पुण्यं मनोज्ञेऽभिहितं तथा सुकृतधर्मयो' रिति विश्वः। रामेणेव दाशरथिनेव येन कामदेवेन राज्ञा जनस्थानम् दण्डकारण्यभागविशेषः पक्षे जनपदम् अकण्टकं दस्युचौरादिरहितं कृतम् । 'कण्टकः क्षुद्रशत्रौ च कर्मस्थानकदोषयोः। रोमाञ्चे च द्रुमाङ्गे च कण्टको मकरेऽपि च ॥' इति विश्वः। पूर्णोपमालङ्कारः।

दूषण नामक राक्षस के विनाश करने में चतुर तथा सुन्दर सेतुबन्ध करने वाले और दण्डकारण्य के एक भाग जनस्थान को निष्कण्टक करने वाले राम के समान दोषों का विनाश करने वाले, और धर्म की मर्यादा स्थापित करनेवाले जिस कामदेव राजा ने जनस्थान अर्थात् जनपद को दस्युचौरादिकण्टक से शून्य कर दिया ॥२०॥

भूरिक्षमाभारभृता विजयार्जितसंपदा ।
भूमेरुत्खातशल्येन यस्तुल्यो धर्मजन्मना ॥२१॥

यः कामदेवो राजा भूरिक्षमाभारभृता क्षमा तितिक्षा पृथ्वीं च तस्याः बहुभारधारकेण विजयार्जितसंपदा विजयेन अर्जुनेन पक्षे शत्रुजयेन अर्जिता संपद् येन सः तेन। भूमेरुत्खातशल्येन भूमेः पृथिव्याः उत्खातः विनाशितः शल्यो राजा येन तेन पक्षे उत्खातं दूरीकृतं शल्यं कण्टकं येन दूरीकृताः कण्टकभूताः शत्रवः येन इति भावः। एवंभूतेन धर्मजन्मना युधिष्ठिरेण तुल्यः विशेषणसमत्वात् समानः आसीत्। अत्र श्लेषमूलोपमालङ्कारः।

जो कामदेव राजा बहुधा तितिक्षा का भार धारण किये हुए, राजा के पक्ष में पृथ्वी का भार धारण किये हुए, अर्जुन के द्वारा उपार्जित सम्पत्तिवाले, राजा के पक्ष में शत्रुओं के जीतने से सम्पत्ति उपार्जन करने वाले, पृथ्वी से शल्य राजा का विनाश करने वाले, राजा के पक्ष में—पृथ्वी से कण्टकों को दस्यु-चोर आदि शत्रुओं को नष्ट करने वाले धर्म के पुत्र युधिष्ठिर के समान है ॥ २१ ॥

यथा सर्वेषु देवेषु कामदेवो जगत्प्रियः ।
तथा मनुष्यदेवेषु कामदेवो जगत्प्रियः ॥२२॥

यथा येन प्रकारेण सर्वेषु देवेषु सुरेषु कामदेवो मन्मथः जगत्प्रियः त्रिजगतां प्रियः सर्वप्रिय इत्यर्थः। तथा तेन प्रकारेण मनुष्यदेवेषु राजसु कामदेवः कामदेवसंज्ञको राजा जगत्प्रियः जगतां प्रियः सर्वप्रियः अस्तीति शेषः।

जिस प्रकार देवताओं में कामदेव सर्वप्रिय हैं उसी प्रकार राजाओं में कामदेव राजा सर्वप्रिय हैं ॥२२॥

आदित्यस्यान्ववायो जयति रघुपतेर्जन्मनोज्जृम्भितश्री-
स्तत्साम्यं सोमवंशः श्रयति सुरभितः पाण्डवानां यशोभिः।
धत्ते तत्साम्यमद्य स्मरहरधरणीसंभवस्यान्ववायो
यस्यालंकारभावं भजति कृतधियां कामदः कामदेवः ॥२३॥

रघुपतेः रामचन्द्रस्य जन्मना उज्जृम्भितश्रीः वर्धितशोभः आदित्यस्य सूर्यस्य अन्ववायः वंशः जयति सर्वोत्कर्षेण वर्तते। पाण्डवानां युधिष्ठिरादीनां यशोभिः सुरभितः विख्यातः 'सुरभिः शल्लकीमातृभिन्मुरागोषु योषिति। विख्याते सचिवे धीरे चैत्रेऽपि च पुमानयम्॥' इति मेदिनी। सोमवंशः चन्द्रवंशः तत्साम्यं तत्सादृश्यं श्रयति धारयति। अद्य आधुनिके काले, स्मरहरधरणीसंभवस्य स्मरहरस्य शिवस्य धरणी भूमिः निवासस्थानमिति यावत् कैलाश इत्यर्थः, तत्संभवः तदुत्पन्नः हंसः कादम्बः इत्यर्थः, तस्य अन्ववायः वंशः तत्साम्यं तयोः वंशयोः सादृश्यं धत्ते धारयति। कृतधियां पण्डितानां कामदः मनोरथपूरकः कामदेवः कामदेवो राजा यस्य कादम्बवंशस्य अलङ्कारभावम् अलङ्करणस्वरूपतां भजति धारयति। अत्र स्रग्धरा वृत्तम्—म्रभ्नैर्यानां त्रयेण त्रिमुनियतियुता स्रग्धरा कीर्तितेयम्।

श्री रामचन्द्र जी के जन्म से बढ़ी हुई शोभा वाला सूर्यवंश सर्वोत्कृष्ट है और पाण्डवों के यश से प्रसिद्ध चन्द्रवंश उसकी समानता धारण करता हैं। शंकर जी की भूमि से उत्पन्न कादम्ब वंश आज उन दोनों वंशों का सादृश्य धारण किये हुये है। पण्डितों का मनोरथ पूर्ण करनेवाला कामदेव राजा जिस वंश में अलङ्कार का स्वरूप धारण किये हुए है अर्थात् जो कि कादम्बवंश का अलङ्कार है ॥ २३ ॥

केचिद्दानेषु वीराः समरभुवि पुनः केचिदन्ये दयायां
कर्णाद्याः पार्थमुख्याः खचरपतिमुखाः पूर्वमासन्युगेषु।

तेषां तेषां च तेषामपि वहति धुरं साम्प्रतं तावदस्या-
मेकः श्रीकामनामा जलनिधिलहरी स्रग्धरायां धरायाम् ॥२४॥

युगेषु सत्यादिषु पूर्वं पूर्वस्मिन् काले केचित् कर्णाद्याः दानेषु वीराः आसन् केचित् पार्थमुख्याः अर्जुनप्रभृतयः समरभुवि युद्धभूमौ वीराः आसन् पुनः अन्ये खचरपतिमुखाः खे आकाशे चरन्तीति खचराः विद्याधराः तत्कुमारजीमूतवाहनप्रभृतयः दयायां वीराः आसन्। साम्प्रतं तावत् अस्मिन् युगे तु अस्यां जलनिधिलहरीस्रग्धरायां समुद्रतरङ्गमालाधारिण्यां धरायां पृथिव्यां तेषां कर्णादीनां तेषां च अर्जुनादीनां च तेषामपि जीमूतवाहनादीनामपि धुरं रथाग्रभागं भारमित्यर्थः, सर्वेषां कार्यभारमिति यावत्। एकः अद्वितीयः श्रीकामनामा श्रीकामदेवनामा राजा वहति धारयति अर्थादयमेक एव दानेषु युद्धेषु दयासु च वीरः अस्ति। स्रग्धरा वृत्तम्।

सत्य आदि युगों में पहले कर्ण आदि कुछ लोग दानवीर थे, अर्जुन आदि कुछ लोग युद्धवीर थे तथा विद्याधरकुमार जीमूतवाहन आदि कुछ लोग दयावीर थे। इस समय तो समुद्रों की लहरियों की माला धारण करने वाली पृथ्वी में अर्थात् सम्पूर्ण पृथ्वी में कर्णादि तथा अर्जुनादि और जीमूतवाहनादि सभी का कार्यभार अकेला ही यह श्री कामदेव नाम का राजा धारण किये हुए है। अर्थात् यह अकेले दान, युद्ध, तथा दया इन तीनों में वीर है ॥ २४ ॥

आनेता मध्यदेशात् प्रवचनविदुषां सोमपब्राह्मणाना-
मारोढा मर्त्यमूर्त्या सुरपतिसदसो मण्डनं मानवत्याः।
जेता भूमेर्जयन्तीपुरपुरमथनश्रीपदाम्भोजभृङ्गः
सोऽपि क्ष्मापस्त्रिनेत्रः स्वकुलकुलगिरिर्योऽनुलेभे तपोभिः ॥२५॥

सोऽपि क्ष्मापः कामदेवो भूपः मध्यदेशात् गङ्गायमुनयोर्मध्यदेशात् प्रवचनविदुषां प्रकृष्टवचनज्ञानां सोमपानां सोमरसपायिनां ब्राह्मणानाम् आनेता आनीय संघटनकर्ता, मर्त्यमूर्त्या स्वमनुष्यशरीरेण सुरपतिसदसः इन्द्रसभायाः आरोढा आरोहणकर्ता, योगित्वादेतच्छरीरेण सुरलोकगमनसंभवादेतद्विशेषणम्। मानवत्याः मानिन्याः योषितः मण्डनम् अलङ्कारस्वरूपः, तस्याः माननिर्वाहकत्वादिति भावः। भूमेः पृथिव्याः जेता विजयी जयन्तीपुरपुरमथनश्रीपदाम्भोजभृङ्गः जयन्तीपुरे जयन्तीनामके पुरे यः पुरमथनः शिवः तस्य श्रीपदाम्भोजभृङ्गः श्रीपदं चरणमेवाम्भोजं कमलं तत्र भृङ्गः भ्रमरः कमले भ्रमरवत्

संसक्तमानस इत्यर्थः, त्रिनेत्रः शिवः तद्भावनया तन्मयत्वात् शिव-स्वरूप इति भावः। अत्र रूपकमलङ्कारः। अथवा ज्ञानचक्षुषा स्वयं त्रिनेत्रः अस्ति। तपश्चरणैः स्वकुलकुलगिरिं स्वकुलमेव कुलगिरिः हिमालयः तदवयवः कैलास इति भावः तम् अनुलेभे प्राप्तवान्। अनेनैव देहेन तपसा कैलासं विजितवानिति भावः।

वह राजा प्रवचन में निपुण यज्ञ में सोमपान करने वाले ब्राह्मणों को गङ्गा-यमुना के मध्य देश से लाने वाला, मनुष्यशरीर से ही (योगबल से) इन्द्रसभा का आरोहण करने वाला, मानवती स्त्री का (मानरक्षा के द्वारा) आभूषण स्वरूप, पृथ्वी का जीतने वाला, जयन्ती नामक नगर के जो शंकर भगवान् उनके चरण कमल में भौंरे के समान लीन रहने वाला, ज्ञानचक्षु के कारण तीन नयन वाला वा शिवस्वरूप है। जिसने कि तपस्याओं से अपने कुलरूपी कुलगिरि कैलास पर्वत को प्राप्त किया है अर्थात् इस कादम्ब वंश में जन्म ग्रहण किया है ॥ २५ ॥

न्यञ्चत्काञ्चीमनोज्ञाः सुललितमधुराः कुन्तलैरुल्लसन्त्यः
पुष्णन्त्यो हारशोभां धृतकरकटकाः कान्तिमद्वेदिमध्याः।
अङ्गश्रीभङ्गिभाजः परिमिलदलकाः प्रोल्लसत्कामरूपाः
सेवन्ते तं समन्तादनुदिनमबलाश्रेणयः क्षोणयश्च ॥२६॥

न्यञ्चत्काञ्चीमनोज्ञा न्यञ्चन्ती शोभमाना या काञ्ची रसना तया मनोज्ञाः मनोहराः, पक्षे—न्यञ्चन्ती जनान् पूजयन्ती 'अञ्चु गतिपूजनयोः' या काञ्चीनगरी तया मनोज्ञाः, सुललितमधुराः सुललितेन, शोभनेन हावविशेषेण मधुराः रमणीयाः 'ललितं हावभेदे स्यादि'ति विश्वः, पक्षे-सुललिता रमणीया मधुरा मथुरापुरी यासु ताः। कुन्तलैरुल्लसन्त्यः कुन्तलैः केशपाशैः शोभमानाः, पक्षे-कुन्तलैः एतन्नामकैः देशैः शोभमानाः, हारशोभां हारेण मुक्तावल्या, पक्षे-हारदेशेन शोभां रमणीयतां पुष्णन्त्यः वर्धयन्त्यः, 'हारो मुक्तावली देशः' इति विश्वः, धृतकरकटकाः धृताः करेषु कटकाः वलयाः याभिस्ताः, पक्षे धृतः करः राजग्राह्यभागो यत्र सः धृतकरः एवंभूताः कटकाः गिरिसानूनि यासु ताः, कान्तिमद्वेदिमध्याः कान्तिमन्तः शोभमानाः वेदयः अङ्गुलिमुद्राकाराः मध्याः मध्यभागाः यासां ताः 'वेदिरंगुलिमुद्रायां बुधेऽलङ्कृतभूतले' इति विश्वः। 'वेदिः स्यात् पण्डिते पुमान्। स्त्रियामंगुलिमुद्रायां स्यात्परिष्कृतभूतले। इति मेदिनी, पक्षे-कान्तिमत्यः वेदयः अलंकृतभूतलानि यत्र एवंभूताः

मध्याः मध्यप्रदेशाः यासु ताः, अङ्गश्रीभङ्गिभाजः अङ्गस्य शरीरस्य पक्षे अङ्गदेशस्य श्रिया शोभया भङ्गिभाजः विच्छित्तिमत्यः, परिमिलदलकाः परि समन्तात् मिलन्तः संलगन्तः अलकाश्चूर्णकुन्तलाः यासां ताः, पक्षे-परिमिलन्ती संमिलन्ती अलकापुरी यासु ताः, प्रोल्लसत्कामरूपाः प्रोल्लसन्ति मनोहराणि कामरूपाणि कामस्वभावाः यासां ताः, 'रूपं स्वभावे सौन्दर्ये' इति विश्वः, पक्षे-प्रोल्लसन् शोभमानः कामरूपः कामरूपदेशः यासु ताः, एवंभूताः अबलाश्रेणयः कामिनीपंक्तयः स्त्रीसमूहाः इत्यर्थः, क्षोणयः पृथिव्यः, विभिन्नदेशोपलक्षणयात्र क्षोणिशब्दे बहुवचनम्, तं कामदेवं राजानं समन्तात् परितः सेवन्ते भजन्ते। अत्र श्लेषोपबृंहिता तुल्ययोगितालङ्कारः।

हिलती हुई रसना (करधन) से मनोहर, दूसरे पक्ष में—लोगों का सम्मान करने वाली काञ्चीनगरी से सुन्दर, सुन्दर जो ललित अर्थात् हाव-भाव उससे मनोहर, दूसरे पक्ष में—सुन्दर है मथुरा अर्थात् मथुरापुरी जिनमें, केशपाश से सुशोभित, दूसरे पक्ष में—कुन्तल देश से शोभित, मुक्ताहार से शोभा बढ़ानेवाली, दूसरे पक्ष में—हार देश से शोभा बढ़ानेवाली, हाथ में वलय धारण करने वाली, दूसरे पक्ष में—पहाड़ की चोटियों पर भी राजकर धारण किया गया है जिनमें ऐसी, शोभा से युक्त अंगुली की मुद्रा के आकार वाले मध्य भाग हैं जिनके, दूसरे पक्ष में—शोभा से युक्त अलंकृत भूतल हैं जिनमें ऐसी, शरीर की, दूसरे पक्ष में अङ्ग देश की शोभा से छटा धारण करने वाली, चारों तरफ संसक्त हैं केशपाश जिनके, दूसरे पक्ष में संमिलित है अलकापुरी जिनमें, मनोहर है कामस्वभाव विलास का स्वभाव जिनका, दूसरे पक्ष में—सुन्दर है कामरूप देश जिनमें, इस प्रकार की स्त्रियों की श्रेणियाँ तथा पृथिवियाँ (पृथिवी शब्द में पृथक्-पृथक् देशों के उपलक्षण से बहुवचन है) उस कामदेव राजा की सेवा करती हैं ॥२७॥

कूर्माकारं चरणयुगलं धूतदिग्दन्तिशुण्डा-
दण्डावूरू भुजयुगमपि व्यक्तनागेन्द्रशोभम् ।
प्रायः पृथ्वीधरणविषये तत्समर्थान् पदार्था-
नेकीकृत्य त्रिभुवनसृजा निर्मिता यस्य मूर्तिः ॥२७॥

यस्य कामदेवस्य राज्ञः चरणयुगलं कूर्माकारं कच्छपस्वरूपम् मांसलत्वादुन्नतपृष्ठत्वेनेति भावः, ऊरू धूतदिग्दन्तिशुण्डादण्डौ धूताः कम्पिताः दिग्दन्तिनां दिग्गजानां शुण्डादण्डाः करस्तम्भाः याभ्यां तौ दिग्गजशुण्डविजयिनावित्यर्थः। भुजयुगमपि व्यक्तनागेन्द्रशोभं व्यक्ता

प्रकटिता नागेन्द्रस्य शेषनागस्य शोभा येन तत् अत एव प्रायः प्रायशः पृथ्वीधरणविषये राज्ञः पृथ्वीधारणकार्यविषये तत्समर्थान् पृथ्वी-धारणकार्यसमर्थान् पदार्थान् आदिकच्छपदिग्गजशेषनागादीन् उप-करणभूतान् एकीकृत्य संघटितान् कृत्वा त्रिभुवनस्रष्ट्रा ब्रह्मणा यस्य मूर्तिः आकृतिः निर्मिता रचिता। अत्र प्रायः इतिशब्देन उत्प्रेक्षायाः वाच्यत्वात् वाच्योत्प्रेक्षालङ्कारः। अत्र मन्दाक्रान्ता वृत्तम्।

जिस कामदेव राजा के दोनों पैर कछुए के आकार वाले हैं, दोनों जाँघें दिग्गजों की शुंड को जीतने वाली हैं और दोनों भुजाएँ शेषनाग की शोभा प्रकट करने वाली हैं इसलिये शायद पृथ्वी-धारण करने के विषय में समर्थ आदिकच्छप, दिग्गज और शेषनाग रूपी पदार्थों को इकट्ठा करके ही ब्रह्मा ने इस राजा की मूर्ति बनायी है ॥ २८ ॥

कस्त्राता कामदेवः समरविजयिनां कोऽग्रणीः कामदेवः
कस्त्यागी कामदेवः सरसकविगिरां किं पदं कामदेवः।
कः सेव्यः कामदेवः श्रितभरणविधौ कः कृती कामदेवः
प्रश्नानामेक एकप्रतिवचनमहो रामवत्कामदेवः ॥२८॥

उस राजा युधिष्ठिर के द्वारा यज्ञ में सर्वप्रथम सत्कार किये गये मनुष्यस्वरूप में अवतारग्रहण करनेवाले विष्णु अर्थात् कृष्ण ने तीनों भुवनों का शिशुपालाभाव कर्तृत्व अपने बल से धारण किया अर्थात् अपने बल से शिशुपाल का विनाश किया।

मखावसाने मघवत्समानो
यथोचितं योजितमानपूजान्।

विशांपति भूमिपतीन् विसृज्य
शान्तोपसर्गां धरणीं शशास ॥१८॥

मघवत्समानः इन्द्रतुल्यः विशांपतिः राजा दशरथः, पक्षे—युधिष्ठिरः मखावसाने यज्ञसमाप्तौ योजितमानपूजान् योजिता कृता मानपूजा आदरसत्कारः येभ्यः तान् भूमिपतीन् यज्ञागतान् नृपान् विसृज्य प्रस्थाप्य शान्तोपसर्गां यज्ञप्रभावात्शान्तोपद्रवां धरणीं पृथ्वीं शशास शासितवान्। अत्रापि पूर्ववदुपजातिवृत्तम्।

इन्द्र के तुल्य राजा दशरथ ने, दूसरे पक्ष में—युधिष्ठिर ने यज्ञसमाप्त होने पर आदर सत्कार किये गये राजाओं को विदा कर के शान्त उपद्रव वाली पृथ्वी का शासन किया।

तस्य भूलोकचन्द्रस्य समृद्धिरतिवासवा।
ज्योत्स्नेव चक्रवाकाणामासीद् दुःखाय दुर्हृदाम् ॥१९॥

भूलोकचन्द्रस्य भूलोके चन्द्र इव भूलोकचन्द्रः तस्य भूलोकचन्द्रस्य तस्य राज्ञो दशरथस्य, पक्षे—युधिष्ठिरस्य अतिवासवा वासवमतिक्रान्ता समृद्धिः उन्नतिः वैभव इतियावत् चक्रवाकाणां चक्रवाकपक्षिणां ज्योत्स्नेव चन्द्रिकेव दुर्हृदां शत्रूणां दुःखाय दुःखानुभवाय आसीत्। इत आरभ्य सप्तविंशतमं श्लोकं यावदनुष्टुप् छन्दः, अत्रोपमालङ्कारः।

भूलोक में चन्द्रमा के समान उस राजा दशरथ की, दूसरे पक्ष में—युधिष्ठिर की इन्द्र का अतिक्रमणकरने वाली अर्थात् इन्द्र की सम्पत्ति से भी बढ़ी हुई समृद्धि, चन्द्रवाकपक्षियों के लिये चान्दनी के समान शत्रुओं के दुःख के लिये हुई।

अतर्क्ये कृतपातस्य पयसीव पराभवे।
तद्विपक्षजनस्याभूद्धृदि चिन्तामयो ज्वरः ॥२०॥

अतर्क्ये अतर्क्यगम्भीरे पयसीव जले इव पराभवे विपत्तौ कृतपातस्य पतितस्य तद्विपक्षजनस्य तस्य दशरथस्य विपक्षजनस्य शत्रुजनस्य हृदि हृदये चिन्तामयो ज्वरः चिन्तास्वरूपो रोगः अभूत्, तदरयः सततं चिन्तामग्नाः भूत्वैवातिष्ठन्निति भावः। उपमालङ्कारः।

अनुमान से परे जल के समान विपत्ति में गिरे हुए उस दशरथ के शत्रुओं के हृदय में चिन्तारूपी ज्वर रहने लगा।

पक्षे—अतर्क्ये अतर्कणीये पयसीव जलसदृशे जलायमाने स्थले

इत्यर्थः कृतपातस्य पतितस्य तद्विपक्षजनस्य तद्रेः दुर्योधनस्येत्यर्थः हृदि हृदये पराभवे स्वापमानविषये अथवा युधिष्ठिरादीनामप्यपमानकरण-विषये चिन्तामयः चिन्तास्वरूपः ज्वरः रोगः अभूत्।

अनुमान न करने योग्य पानी के समान स्थल में गिरे हुए उस युधिष्ठिर के शत्रु दुर्योधन के हृदय में अपने अपमान के विषय में अथवा इनलोगों के अपमान करने के विषय में चिन्तारूपी ज्वर हो गया अर्थात् इस विषय में वह सतत चिन्तायुक्त रहने लगा।

अभिरामं प्रवृत्तापि कुलज्येष्ठमपोह्य तम्।
पृथुलाभरतं लक्ष्मी दुर्योधनमियेष सा ॥२१॥

कुलज्येष्ठं भ्रातृषु ज्येष्ठं रामम् अभि रामं लक्षीकृत्य प्रवृत्तापि उद्यतापि तम् अपोह्य तं त्यक्त्वा सा दशरथसम्बन्धिनी पृथुला महीयसी लक्ष्मीः राज्यलक्ष्मीः दुर्योधनम् शत्रुभिः दुःखेन योधयितुं शक्यं महावीरमित्यर्थः भरतं भरतनामानं कैकेयीपुत्रम् इयेष काङ्क्षते स्म।

सभी भाइयों में ज्येष्ठ राम के उद्देश्य से उद्यत हुई भी उस राम को छोड़ कर वह दशरथ की बहुत बड़ी राज्यलक्ष्मी दुःख से युद्ध करने योग्य महावीर भरत को चाहने लगी।

पक्षे—अभिरामं सुन्दरं कुलज्येष्ठं भ्रातृषु ज्येष्ठं युधिष्ठिरमित्यर्थः प्रवृत्तापि उपस्थितापि तमपोह्य तं त्यक्त्वा पृथुलाभरतं पृथुषु महत्सु लाभेषु प्राप्तव्येषु रतं लीनम् अतिलुब्धमित्यर्थः दुर्योधनं सा लक्ष्मीः सा सम्पत्तिः इयेष आचकाङ्क्ष।

सुन्दर तथा कुलज्येष्ठ युधिष्ठिर के पास पहुँची हुई वह राज्यलक्ष्मी उस युधिष्ठिर को छोड़ कर अत्यन्त लोभी दुर्योधन को चाहने लगी।

वर्तमानो वयस्यन्ते प्रज्ञादृगथ भूपतिः।
ज्येष्ठे निजसुते लक्ष्मीमाधातुं मतिमादधे ॥२२॥

अथ अनन्तरं प्रज्ञादृक् बुद्ध्यावलोककः, पक्षे—अन्धः, भूपतिः राजा दशरथः, पक्षे—धृतराष्ट्रः अन्ते वयसि वर्तमानः वृद्धावस्थायामुपस्थितः ज्येष्ठे श्रेष्ठे निजसुते स्वपुत्रे रामे, पक्षे—दुर्योधने लक्ष्मीं राज्यसम्पत्तिम् आधातुं स्थापितुं मतिमादधे विचारयामास।

इसके बाद वृद्धावस्था में उपस्थित बुद्धि से विचार करने वाले राजा दशरथ ने, दूसरे पक्ष में—अन्धे राजा धृतराष्ट्र ने, अपने बड़े पुत्र राम के ऊपर, दूसरे पक्ष में—दुर्योधन के ऊपर राज्यलक्ष्मी स्थापित करने की इच्छा की।

सुधीरसौबलोद्योगाद्राजा देवनतः श्रियम् ।
धर्मपुत्रे स्थिरां व्याजैर्विना कर्तुं मनो दधे ॥२३॥

देवनतः देवेष्ववनम्रः सुधीः बुद्धिमान् असौ राजा दशरथः बलोद्योगात् बलानां सैनिकानाम् उद्योगात् प्रयत्नात् धर्मपुत्रे स्वौरससुते रामे श्रियं राजलक्ष्मीं स्थिरामचञ्चलां कर्तुं सम्पादयितुं व्याजैः कपटैर्विना निश्छलं यथा स्यात्तथा मनो दधे मनश्चकार ।

देवताओं के विषय में विनम्र रहने वाले बुद्धिमान् उस राजा दशरथ ने सैनिकों के प्रयत्न से अपने औरस पुत्र राम के ऊपर राजलक्ष्मी को स्थिर करने के लिये निश्छलभाव से विचार किया ।

पक्षे—राजा धृतराष्ट्रः सुधीरसौबलोद्योगात् सुधीरः द्यूतक्रीडायां धैर्यशाली यः सौबलः शकुनिः तत्प्रयत्नात् देवनतः अक्षतः अत्र सार्वविभक्तिकस्तसिः अक्षद्वारेणेत्यर्थः, 'पणोऽक्षेषु ग्लहोऽक्षास्तु देवनाः पाशकाश्च ते' इत्यमरः, धर्मपुत्रे युधिष्ठिरे स्थिरां सुप्रतिष्ठितां श्रियं राजलक्ष्मीं व्याजैः कपटैः विनाकर्तुम् अपाकर्तुं मनो दधे मतिं कृतवान् ।

राजा धृतराष्ट्र ने द्यूतक्रीड़ा में स्थिर शकुनि के प्रयत्न से द्यूत के द्वारा युधिष्ठिर के ऊपर सुप्रतिष्ठित राजलक्ष्मी को अपहरण करने का विचार किया ।

भरतज्यायसो दीप्ता दायादजननीतया ।
द्यूतकेल्या नलस्येव लक्ष्मीर्मन्थरया हृता ॥२४॥

भरतज्यायसः भरतज्येष्ठस्य रामस्येत्यर्थः, दीप्ता भास्वरा लक्ष्मीः राज्यसम्पत्तिः नलस्य एतन्नामकस्य राज्ञः द्यूतकेल्या इव अक्षक्रीडयेव दायादजननीतया दायादस्य बान्धवस्य भरतस्येत्यर्थः जननी माता इता प्रेरिता यया सा दायादजननीता तया मन्थरया एतन्नामिकया दास्या हृता अपहारितेत्यर्थः । अत्रोपमालङ्कारः ।

भरत के बड़ेभाई राम की देदीप्यमान राजलक्ष्मी द्यूतक्रीड़ा के द्वारा राजा नल की लक्ष्मी के समान बन्धु की माता को प्रेरणा देनेवाली मन्थरा दासी के द्वारा हरण कर ली गई ।

पक्षे—नलस्य इव नलसंज्ञकस्य राज्ञ इव भरतज्यायसः भरतकुलश्रेष्ठस्य युधिष्ठिरस्येत्यर्थः, दीप्ता देदीप्यमाना लक्ष्मीः राज्यसम्पत् दायादजननीतया दायादस्य बान्धवस्य दुर्योधनस्य यः जनः शकुनिः तेन नीतया उपस्थापितया मन्थरया वक्रया द्यूतकेल्या अक्षक्रीडया हृता अपहृता । 'मन्थरः कोशफलयोर्बाधमन्थानयोः पुमान् । कुसुम्भ्यां न द्वयोर्मन्दे पृथौ वक्रेऽभिधेयवत्' इति मेदिनी ।

राजा नल के समान भरतकुलश्रेष्ठ युधिष्ठिर की देदीप्यमान राजलक्ष्मी बन्धु दुर्योधन के आदमी शकुनि के द्वारा उपस्थित की गई कुटिल द्यूतक्रीड़ा के द्वारा हर ली गई।

दुःशासनावलेपेन भरतानिष्टकारिणा।
तस्य लक्ष्मीर्विपक्षेण कृष्टा कान्ता कचेष्विव ॥२५॥

दुःशासनावलेपेन दुःशासनस्य मन्थराया दुरुपदेशस्य अवलेपः दर्पः यस्य तेन भरतानिष्टकारिणा भरतस्य रामवनगमनरूपम् अनिष्टं अप्रियं करोतीति तेन विपक्षेण शत्रुणा कैकेय्या इत्यर्थः, तस्य रामस्य लक्ष्मीः राजलक्ष्मीः कचेषु केशेषु कान्तेव प्रियेव कृष्टा आकृष्टा। अत्रोपमालङ्कारः।

मन्थरा के दुष्ट उपदेश का दर्प रखने वाले रामवनगमन से भरत का अप्रिय आचरण करनेवाले शत्रु के द्वारा अर्थात् कैकेयी के द्वारा उस राम की राजलक्ष्मी केश पकड़ कर प्रिया के सदृश खींच ली गयी।

पक्षे—भरतानिष्टकारिणा भरतस्य भरतकुलस्य अनिष्टम् अप्रियं करोतीति तेन भरतकुलविनाशकेनेत्यर्थः, विपक्षेण शत्रुणा दुःशासनावलेपेन दुःशासनस्य दर्पेण तस्य युधिष्ठिरस्य लक्ष्मीरिव कान्ता प्रिया द्रौपदी कचेषु केशेषु कृष्टा आकृष्टा। अत्र लक्ष्मीरपि कृष्टा कान्तापि कृष्टेत्युभयोः प्रस्तुतयोरेवोपमानोपमेययोः उपमालङ्कारः।

भरतकुल का विनाशस्वरूप अनिष्ट करने वाले शत्रुभूत दुःशासन के दर्प ने उस युधिष्ठिर की लक्ष्मी के समान प्रिया द्रौपदी को केश पकड़ कर खींचा। जैसे युधिष्ठिर की लक्ष्मी खींची गयी उसी प्रकार दुःशासन के दर्प (घमण्ड) के द्वारा प्रिया द्रौपदी भी बाल पकड़ कर खींची गई।

नैव सभ्या न गुरवो न मित्रज्ञातिबान्धवाः।
तं निवारयितुं शेकुः क्रियमाणं महानयम् ॥२६॥

तं क्रियमाणं रामवनगमनरूपं, पक्षे—द्रौपदीकेशाम्बराकर्षणरूपं महानयं महान्तमनयं निवारयितुं निषेद्धुं नैव सभ्याः सभासदः न गुरवः वशिष्ठादयः, पक्षे—द्रोणादयः, न मित्रज्ञातिबान्धवाः मित्राणि ज्ञातयः बान्धवाश्च न शेकुः समर्था बभूवुः।

उस किये जाते हुए रामवनगमनरूपी, दूसरे पक्ष में—द्रौपदी के केशाम्बराकर्षणरूपी महान् अन्याय को रोकने के लिये न तो सभासद वर्ग और न वशिष्ठ

आदि गुरु, दूसरे पक्ष में—द्रोण आदि गुरु तथा न मित्र, परिचित और बन्धु लोग ही समर्थ हुए।

गुरुभिः कल्पितं सोऽथ वत्सरादाचतुर्दशात्।
आरण्यकव्रतं धीरः सानुजः प्रत्यपद्यत ॥२७॥

अथ अनन्तरं सानुजः भ्रात्रा लक्ष्मणेन सहितः धीरः धैर्यशाली सः रामः आ चतुर्दशात् वत्सरात् चतुर्दशवत्सराणि अभिव्याप्य गुरुभिः पित्रा कल्पितम् अनुज्ञातम् आरण्यकव्रतं वनवासिनां नियमं वननिवासमित्यर्थः, प्रत्यपद्यत धारयामास।

इस के बाद भाई लक्ष्मण के साथ धैर्यशाली उस राम ने चौदह वर्षों तक पिता के द्वारा निश्चित किया गया जङ्गलियों का नियम धारण किया।

पक्षे—अथ अनन्तरम् आचतुर्दशात् वत्सरात् चतुर्दशमं वत्सरं यावत् त्रयोदशवर्षाणि अभिव्याप्येत्यर्थः, सानुजः भ्रातृभिः सहितः धीरः धैर्यशाली सः युधिष्ठिरः गुरुभिः धृतराष्ट्रादिभिः कल्पितं व्यवस्थापितम् आरण्यकव्रतं वनवासिनां नियमं वनवासमिति यावत्, प्रत्यपद्यत जग्राह।

इसके बाद चौदहवें वर्ष तक अर्थात् सम्पूर्ण तेरह वर्ष भाइयों के साथ धैर्यशाली उस युधिष्ठिर ने धृतराष्ट्र आदि गुरुओं के द्वारा व्यवस्थित किया हुआ वनवासियों का नियम अर्थात् वनवास ग्रहण किया।

स राज्यमैन्द्रेण पदेन तुल्यं गुरुप्रियार्थं तृणवद्विहाय।
अरण्यवासाय कृतप्रतिज्ञः प्रतस्थिवान्सावरजः सदारः ॥२८॥

स रामः, पक्षे—युधिष्ठिरः ऐन्द्रेण पदेन तुल्यम् इन्द्रपदसदृशं राज्यं गुरुप्रियार्थं, गुरोः पितुः दशरथस्य प्रियार्थं वचनावितथकरणप्रियाचरणार्थं, पक्षे—गुरोः पितृव्यस्य धृतराष्ट्रस्य प्रियार्थं तत्सुतदुर्योधनार्थराज्यत्यागरूपप्रियकरणार्थं तृणवत् तृणसदृशं विहाय त्यक्त्वा अरण्यवासाय वनवासाय कृतप्रतिज्ञः प्रतिज्ञामारूढः सन् सावरजः अनुजलक्ष्मणसहितः सदारः पत्नीसीतासहितः, पक्षे—अनुजभीमादिसहितः, पत्नीद्रौपदीसहितः प्रतस्थिवान् प्रचलितवान्। अत्रोपेन्द्रवज्रावृत्तम्। उपमालङ्कारः।

वह राम, दूसरे पक्ष में—युधिष्ठिर इन्द्रपद के तुल्य राज्य को पिता दशरथ के वचनपालनरूप प्रिय करने के लिये, दूसरे पक्ष में—चाचा धृतराष्ट्र के उसके

पुत्र दुर्योधन के लिये राज्यत्यागरूप प्रिय करने के लिये तिनके के समान छोड़कर वनवास के लिये प्रतिज्ञाकर के भाई लक्ष्मण के साथ तथा पत्नी सीता के साथ, दूसरे पक्षमें--भाई भीमादि के साथ तथा पत्नी द्रौपदी के साथ चल दिये।

अपोढरत्नाभरणं रथेन निर्यान्तमेतं नगरान्निरीक्ष्य।
विमोक्तुमश्रूणि चिरं जनानामासीन्न पर्याप्तमिवाक्षियुग्मम् ॥२९॥

अपोढरत्नाभरणं परित्यक्ताभूषणं रथेन स्यन्दनेन, पक्षे—शरीरावयवेन चरणेनेत्यर्थः 'रथः पुमानवयवे स्यन्दने वेतसेऽपि च' इति मेदिनी, नगरात् अयोध्यानगरात्, पक्षे--हस्तिनापुरात् निर्यान्तं निर्गच्छन्तम् एतं रामं, पक्षे--युधिष्ठिरं निरीक्ष्य अवलोक्य जनानाम् तत्र स्थितानां मनुष्याणां चिरं बहुकालं यावत् अश्रूणि विमोक्तुं शोकाश्रुजलं वाहयितुं अक्षियुग्मं लोचनयुगलं पर्याप्तम् अश्रुमोचनप्रयोजनपरिपूर्णं नासीदिव। तद्वियोगेन जनाः बहून्यश्रूणि मुमुचुरित्यर्थः। अत्र इन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रयोरुपजातिवृत्तम् उत्प्रेक्षालङ्कारः।

आभूषणों का परित्याग किये हुए, रथ के द्वारा अयोध्यापुरी से निकलते हुए इस रामको, दूसरे पक्ष में--चरणों के द्वारा हस्तिनापुरी से निकलते हुए इस युधिष्ठिर को देख कर लोगों के बहुत समय तक आँसू त्याग करने के लिये मानो दोनों आँखें पर्याप्त नहीं थीं। अर्थात् आँसू त्याग करने के लिये उन में से एक एक को दश-वीस आँखों की आवश्यकता का अनुभव हो रहा था।

राजेन्द्रवेषापगमेऽपि नैनं सौभाग्यलक्ष्मीः श्लथयाम्बभूव।
सुरासुरैः स्वीकृतरत्नराशिस्तथापि रत्नाकर एव सिन्धुः ॥३०॥

राजेन्द्रवेषापगमेऽपि राजेन्द्रवेषाः छत्रचामरमुकुटादयः तेषाम् अपगमेऽपि दूरीकरणेऽपि एनं रामं, पक्षे--युधिष्ठिरं सौभाग्यलक्ष्मीः भाग्यातिशयसूचिका शोभा राजलक्ष्मीरिति भावः, न श्लथयाम्बभूव नाल्पीभूता। अत्र दृष्टान्तयति-सुरासुरैः देवदानवैः स्वीकृतरत्नराशिः स्वीकृतः गृहीतः रत्नराशिः रत्नसमूहः यस्य सः तथापि तथा कृते सत्यपि सिन्धुः समुद्रः रत्नाकर एव, अर्थात् तस्य रत्नाकरत्वं नापगतम्। अत्राप्युपजातिवृत्तम् दृष्टान्तोऽलङ्कारः।

राजाओं के वेषभूषा छत्र चामर आदि के दूर होने पर भी इस राम की, दूसरे पक्ष में--युधिष्ठिर की राजलक्ष्मी शिथिल नहीं हुई, अर्थात् राजकान्ति कम न हुई। इस विषय में कवि दृष्टान्त देता है कि देव-दानवों के द्वारा बहुत से रत्न निकाले जाने पर भी समुद्र रत्नाकर ही रह गया। उसकी रत्नाकरता कम न हुई।

स्थितेऽप्युदग्रे पुरि राजवंश्ये ज्यायांसमेनं न जहौ जनौघः ।
द्वारोपकण्ठस्थितशङ्करोऽपि बाणः किमासीद् भुवनस्य पूज्यः ॥३१॥

पुरि नगरे उदग्रे श्रेष्ठे राजवंश्ये राजवंशीये दशरथे, पक्षे—धृतराष्ट्रे स्थितेऽपि सत्यपि जनौघः जनसमूहः ज्यायांसं श्रेष्ठम् एनं रामं, पक्षे—युधिष्ठिरं न जहौ न तत्याज। राजवंशीयत्वसौभाग्य-संयुक्तेऽपि दशरथे, पक्षे--धृतराष्ट्रे जनौघः एतस्य रामस्य, पक्षे—युधिष्ठिरस्य एव सत्कारं हृदयेन करोति स्म न तु तस्य दशरथस्य, पक्षे—धृतराष्ट्रस्य। अत्र दृष्टान्तः—द्वारोपकण्ठस्थितशङ्करोऽपि द्वारस्य उपकण्ठे समीपे स्थितः शङ्करः शिवः यस्य सः, एवंभूतः सन्नपि बाणः बाणासुरः किमिति प्रश्ने भुवनस्य संसारस्य पूज्यः सत्करणीयः आसीत् ? नासीदेवेत्यर्थः। अत्राप्युपजातिवृत्तं दृष्टान्तोऽलङ्कारः।

नगर में राजवंशीयों में श्रेष्ठ राजा दशरथ के, दूसरे पक्ष में—राजा धृतराष्ट्र के विद्यमान रहने पर भी इस श्रेष्ठ पुरुष राम का, दूसरे पक्ष में—युधिष्ठिर का लोगों ने नहीं त्याग किया। अर्थात् राजवंशीयत्वगुण विद्यमान रहने पर भी लोगों ने राम को छोड़ कर दशरथ का, दूसरे पक्ष में—युधिष्ठिर को छोड़ कर धृतराष्ट्र का आदर नहीं किया। इस में दृष्टान्त देता है कि—द्वार के समीप में शङ्कर भगवान् के विद्यमान रहने पर भी क्या बाणासुर संसार के लिये पूजनीय था ? अर्थात् नहीं।

राष्ट्रादन्तःकलहकलुषान्मथ्यमानादिवाब्धे-
स्तन्वी बाला किसलयमृदुर्निर्गताप्युज्ज्वलाङ्गी ।
भर्तृप्रेम्णा वनभुवमभि प्रस्थिता राजकन्या
शम्भोर्जूटं नवशशिकला संश्रयन्तीव रेजे ॥३२॥

मथ्यमानात् विलोड्यमानात् अब्धेः इव समुद्राद् इव अन्तः-कलहकलुषात् आन्तरिकद्वेषमलिनात् राष्ट्रात् राज्यात् भर्तृप्रेम्णा पतिस्नेहेन निर्गता निर्याता, शशिकलापक्षे—भर्तृप्रेम्णा 'भृञ् धारण-पोषणयोः' भर्तुः धारकस्य प्रेम्णा निर्गता किसलयमृदुः नवपल्लव-वत्कोमलाङ्गी तन्वी कृशाङ्गी उज्ज्वलाङ्गी देदीप्यमानशरीरा बाला नवयौवना, चन्द्रकलापक्षे—नवोद्गता राजकन्या राजकुमारी सीता, पक्षे—द्रौपदी, शम्भोर्जूटं शिवस्य जटाकलापं संश्रयन्ती आश्रयन्ती नवशशिकला इव बालचन्द्रलेखा इव वनभुवम् अभि अरण्यभूमिं

लक्ष्यीकृत्य प्रस्थिता प्रचचाल। अत्र मन्दाक्रान्तावृत्तं 'मन्दाक्रान्ता जलधिषडगैर्म्भौ नतौ ताद्गुरू चेत्' इतिलक्षणात्, उपमालङ्कारश्च।

मन्थन किये जाते हुए समुद्र के समान आन्तरिक कलह से क्षुब्ध राज्य से पति के प्रेम से, चन्द्रकलापक्ष में—धारण करने वाले शिवजी के प्रेम से निकली हुई नवकिसलय के समान कोमलाङ्गी दुबले-पतले शरीरवाली, देदीप्यमान अङ्गवाली नवयौवना, चन्द्रकलापक्ष में—नवीन पैदाहोनेवाली, राजकुमारी सीता ने, दूसरे पक्षमें—द्रौपदी ने, शिवजी के जटाजूट का आश्रयण करती हुई नवचन्द्रलेखा के समान जङ्गली भूमि का उद्देश्य कर के प्रस्थान किया।

निरस्तरत्नाभरणापि गेहाद्विनिर्गता सा निजयैव भासा।
विद्योतयामास नरेन्द्रमार्गं तडिल्लता मेघविनिर्गतेव ॥३३॥

निरस्तरत्नाभरणा परित्यक्तरत्नाभूषणापि गेहात् गृहात् विनिर्गता बहिरागता सा सीता, पक्षे—द्रौपदी मेघविनिर्गता वारिदाद् बहिरागत्य स्पष्टीभूता तडिल्लतेव विद्युल्लतेव निजयैव भासा स्वकीययैव कान्त्या नरेन्द्रमार्गं राजमार्गं विद्योतयामास भासयति स्म। इन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रयोरुपजातिवृत्तम् उपमालङ्कारः।

रत्नाभूषणों का परित्याग किये हुए भी घर से निकली हुई उस सीता ने, दूसरे पक्षमें—द्रौपदी ने मेघ से निकली हुई विद्युल्लता के समान अपनी कान्ति से ही राजमार्ग को प्रकाशित किया।

बाष्पाम्बुजम्बालितराजमार्गैः सगद्गदव्याहृतसाधुवादैः।
व्यलोकि सा पौरजनैरसूर्यंपश्यापि मध्येनगरं व्रजन्ती ॥३४॥

असूर्यंपश्यापि सूर्यं न पश्यतीति सापि सततम् अन्तःप्रासादं तिष्ठन्ती अपि मध्येनगरं नगरस्य मध्ये व्रजन्ती गच्छन्ती सा सीता, पक्षे—द्रौपदी बाष्पाम्बुजम्बालितराजमार्गैः बाष्पाम्बुभिः अश्रुजलैः जम्बालिताः कर्दमिताः राजमार्गाः यैस्तैः, सगद्गदव्याहृतसाधुवादैः सगद्गदं रुद्धकण्ठं यथास्यात्तथा व्याहृतः कथितः साधुवादः प्रशंसाशब्दः यै स्तैः पौरजनैः नगरवासिभिः व्यलोकि अवलोकिता। अत्र-पूर्ववदुपजातिवृत्तम्, असूर्यंपश्यापि मध्येनगरं व्रजन्तीत्यत्र द्रव्यक्रिययोर्विरोधो विधिदुर्विलसिताच्च परिहारः, अत एव विरोधाभासोऽलङ्कारः।

असूर्यंपश्या अर्थात् सूर्य के न देखने वाली होने पर भी नगर के मध्य से जाती हुई वह सीता, दूसरे पक्ष में—द्रौपदी आँसू के जल से सड़क को कीचड़ बनाने

वाले, रुद्धकण्ठ से प्रशंसा के शब्द उच्चारण करने वाले नगरवासी लोगों के द्वारा देखी गयी।

कृतानुयातान् सह मित्रबन्धुभिर्निवर्त्य भूयो नगराय नैगमान्।
स धर्मजन्मा निजकीर्तिनिर्मलां सुरापगां प्राप सुमित्रसंगतः ॥३५॥

मित्रबन्धुभिः सह मित्रैः बान्धवैश्च युक्तान् कृतानुयातान् अनुगमनकारिणः नैगमान् नागरिकान् 'नैगमं स्यादुपनिषद्वणिजोर्नागरेऽपि च' इति मेदिनी। भूयः पुनः नगराय निवर्त्य परावर्त्य सुमित्रसंगतः सुष्ठु मित्रं भ्राता लक्ष्मणः तेन संयुक्तः धर्मजन्मा धर्मस्य पुण्यस्य जन्म यस्मात् सः धर्मजन्मा, सः रामः निजकीर्तिनिर्मलां स्वकीर्तिवत् स्वच्छां सुरापगां गङ्गां प्राप। अत्र वंशस्थवृत्तम् 'जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ' इति लक्षणात्। उपमालङ्कारः।

मित्र तथा बान्धवों के साथ अनुगमन करने वाले नागरिकों को फिर नगर को लौटा कर अच्छे मित्र भाई लक्ष्मण से युक्त होकर धर्म की उत्पत्ति है जिस से वह राम अपनी कीर्ति के समान निर्मल गङ्गा जी पहुँचे।

पक्षे—मित्रैः बन्धुभिः सह अनुगमनकारिणः नगरवासिनो जनान् नगराय परावर्त्य सुमित्रसंगतः शोभनैः मित्रैः भ्रातृभिरित्यर्थः, संयुक्तः धर्मजन्मा धर्मपुत्रः सः युधिष्ठिरः स्वकीर्तिवत् स्वच्छां गङ्गां प्राप्तवान्।

मित्र बन्धुओं से संयुक्त अनुगमन करनेवाले नगरवासियों को नगर के लिये लौटा कर अच्छे मित्रों से संयुक्त धर्मराज के पुत्र वह युधिष्ठिर अपनी कीर्ति के समान स्वच्छ गङ्गा जी पहुँचे।

तां यज्ञभूमिप्रभवां पुरन्ध्रीधुरं दधानां व्यसनाभिभूताम्।
आश्वासयन्तीव सहंसवाणी पस्पर्श गङ्गा लहरीसमीरैः ॥३६॥

यज्ञभूमिप्रभवां यज्ञार्था या भूमिः पवित्रभूमिः ततः प्रादुर्भूतां, पक्षे—यज्ञभूमिः हवनकुण्डम् तस्मादुत्पन्नां पुरन्ध्रीणां सुचरित्रस्त्रीणां धुरम् अग्रभागं दधानां धारयन्तीम् अग्रेसरीभूतामित्यर्थः, 'पुरन्ध्री सुचरित्रा तु सती साध्वी पतिव्रता' इत्यमरः, व्यसनाभिभूतां विपत्तिपीडितां तां सीतां, पक्षे—द्रौपदीं सहंसवाणी हंसरवसंयुक्ता गङ्गा आश्वासयन्तीव सन्तोषं ददतीव लहरीसमीरैः तरङ्गपवनैः पस्पर्श आममर्श। अत्र इन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रयोरुपजातिवृत्तम् उत्प्रेक्षालङ्कारः।

यज्ञ के लिये उपयुक्त पवित्र भूमि से, दूसरे पक्षमें—यज्ञ-कुण्ड से उत्पन्न सती स्त्रियों में अग्रगण्या विपत्ति से पीडित उस सीता को, दूसरे पक्ष में—द्रौपदी

को हंस की वाणी से संयुक्त गङ्गा जी ने ढाढस बंधाती हुई के समान लहरों की हवा से स्पर्श किया।

गुहानुबन्धाद् गहनं वनं स प्रविश्य चीरी जटिलो जटालैः।
समीयिवान् सावरजो मुनीन्द्रैः सतां हि सङ्गो व्यसनार्णवे नौः ॥३७॥

चीरी वल्कलवस्त्रवान् जटिलः जटाधारी सावरजः सानुजः सः रामः, पक्षे—युधिष्ठिरः गुहानुबन्धाद् निषादराजगुहानुगमनात् गुहेन मार्गनिदर्शनादित्यर्थः, पक्षे—गुहायाः पर्वतगुहायाः अनुबन्धात् अनुसरणात् पर्वतगह्वरमार्गेण गमनादित्यर्थः, गहनं वनं दुर्गमं काननं प्रविश्य जटालैः जटाधरैः मुनीन्द्रैः मुनिश्रेष्ठैः सह समीयिवान् सङ्गतवान्। हि यतः सतां सज्जनानां सङ्गः सङ्गतिः व्यसनार्णवे विपत्समुद्रे नौः तरिः अस्ति। अत्र उपेन्द्रवज्रावृत्तम् रूपकोपोद्बलितार्थान्तरन्यासोऽलङ्कारः।

वल्कलवस्त्र धारण किये जटाधारी बन्धुसहित वह राम निषादराज गुह के अनुसरण करने से, दूसरे पक्ष में—वह युधिष्ठिर गुफाओं के रास्ते का अनुसरण करने से दुर्गम वन में प्रवेश कर के जटाधारी मुनियों से मिले। कारण यह है कि सज्जनों की सङ्गति विपत्तिरूपी समुद्र के लिये तरी (नाव) है।

वसञ्छून्य इवारण्ये नगरे तद्गुरुर्जनः।
तद्वियोगपरिक्लेशाच्छ्रेयो मृत्युममन्यत ॥३८॥

शून्ये अरण्ये इव निर्जने विपिने इव नगरे वसन् निवसन् तद्गुरुर्जनः तस्य रामस्य गुरुर्जनः पिता दशरथः तद्वियोगपरिक्लेशात् तद्विश्लेषकष्टात् मृत्युं मरणं श्रेयः कल्याणम् अमन्यत मृत्युं स्वीचकार इत्यर्थः, पक्षे—माता कुन्ती श्रेयः कल्याणं सुखमिति भावः, मृत्युम् अमन्यत मृत्युवदनुभूतवती। अत्रानुष्टुप् छन्दः उपमालङ्कारः।

शून्यवन के समान नगर में निवास करते हुए उस राम के गुरुजन ने अर्थात् दशरथ ने उसके वियोग के क्लेश से मृत्यु को कल्याण समझा अर्थात् वे मर गये। दूसरे पक्षमें—उस युधिष्ठिर के गुरुजन माता कुन्ती ने उस युधिष्ठिर के वियोग के क्लेश से कल्याण को मृत्यु समझा, अर्थात् उस के लिये सुख भी मृत्यु के समान कष्ट-दायक ही था।

तदाशुभरतेनाथ पश्चात्कृतनृपश्रिया।
कुलश्रेष्ठो वने तिष्ठन्भेजे क्षत्रोचितक्रमम् ॥३९॥

अथ अनन्तरम् तदा तस्मिन् समये पश्चात्कृतनृपश्रिया पश्चात्कृता तिरस्कृता नृपश्रीः राजलक्ष्मीर्येन तेन भरतेन वने तिष्ठन् कुलश्रेष्ठः रामः क्षत्रोचितक्रमम् क्षत्रियोचितक्रमानुसारम् आशु शीघ्रं भेजे प्राप्तः। भरतोऽनुनयार्थं रामस्य समीपमाययावित्यर्थः। अनुष्टुप्छन्दः।

इसके बाद उस समय राजलक्ष्मी का अपमान करने वाले भरत के द्वारा वन में रहनेवाले कुल के श्रेष्ठ राम क्षत्रियों के बड़ा भाई राजा होता है इस नियम के अनुसार प्राप्त किये गये, अर्थात् भरत राम के पास पहुँचे।

पक्षे—अथ अनन्तरम् तदा तस्मिन् समये पश्चात्कृतनृपश्रिया पश्चात्कृता अवहेलिता नृपश्रीः राजलक्ष्मीः येन तेन धृतराष्ट्रस्य भूपस्य अवहेलनां कृत्वेत्यर्थः, शुभरतेन तत्कल्याणासक्तेन क्षत्त्रा वर्णसङ्कर-शूद्रेण विदुरेणेत्यर्थः वने तिष्ठन् कुलश्रेष्ठः कुले ज्येष्ठः युधिष्ठिरः भेजे सेवितः। विदुरः तदवलोकनार्थं वनमागतः इत्यर्थः।

इसके बाद उस समय राजलक्ष्मी का अपमान करने वाले अर्थात् राजा धृत-राष्ट्र की अवहेलना कर के इन के कल्याण करने में तत्पर वर्णसङ्कर शूद्र विदुर के द्वारा वन में रहने वाले तथा कुल में श्रेष्ठ युधिष्ठिर की सेवा की गयी अर्थात् विदुर हस्तिनापुर से पाण्डवों से मिलने के लिये वन में आये।

उद्दामधीरतरलोभरतेन भीम-
सेनेन दूरमनुयातवता वनान्तम्।
रक्तप्रजामपि निजां नगरीमुपैतुं
स प्रार्थितोऽपि न मनः शिथिलं चकार ॥४०॥

वनान्तं वनमध्यं दूरमनुयातवता दूरं यावद् अन्वागतेन भीम-सेनेन भीमा भयकारिणी सेना यस्य तेन भरतेन उद्दामधीः उद्दामा उत्कटा तीक्ष्णा इति यावत्, धीर्बुद्धिर्यस्य सः, अतरलः अचञ्चलः स्थिर इति यावत्, सः रामः रक्तप्रजामपि रक्ता अनुरक्ता प्रजा प्रकृतिः यस्या एवंभूतां निजां नगरीं स्वां पुरीम् उपैतुं गन्तुं प्रार्थितोऽपि याचितोऽपि मनः चित्तं शिथिलं वनवासप्रवृत्तौ श्लथं न चकार न कृतवान् वनवासात् निवर्तितुं न चकारेति भावः। अत्र वसन्ततिलकावृत्तम्।

बन में दूर तक आये हुए, भयङ्कर सेना वाले भरत के द्वारा तेज बुद्धि वाले तथा स्थिर रहने बाले राम ने अनुरक्त प्रजावाली अपनी नगरी को चलने के लिये प्रार्थना किये जाने पर भी अपना मन ढीला नहीं किया अर्थात् वनवास के लिये वे दृढ रहे नगर को लौटने के लिये नहीं तैयार हुए।

पक्षे—वनान्तम् वनमध्यं दूरमनुयातवता दूरमनुगतवता उद्दामधीरतरलोभरतेन उद्दामा उद्धता धीर्बुद्धिर्यस्य स उद्दामधीः रतरः तीक्ष्णतरः यः लोभः तस्मिन् रतः आसक्तः, उद्दामधीश्चासौ रतरलोभरतः स उद्दामधीरतरलोभरतः तेन 'रः स्मृतः पावके तीक्ष्णे' इति मेदिनी, भीमसेनेन भीमनामकेन भ्रात्रा रक्तप्रजामपि अनुरक्तप्रकृतिमपि निजां नगरीमपैतुं स्वनगरीं चलितुं प्रार्थितोऽपि संबोधितोऽपि सः युधिष्ठिरः मनश्चित्तं शिथिलं न चकार श्लथं न कृतवान्। स्ववनवासनियमे दृढो भूत्वाऽतिष्ठदिति भावः।

वन में दूर तक साथ साथ आने वाले, उद्धत बुद्धि-वाले तथा अत्यन्तलोभी भीम के द्वारा प्रार्थना किये जाने पर भी उस युधिष्ठिर ने अनुरक्त प्रजावाली भी अपनी नगरी में जाने के लिये अपना मन ढीला नहीं किया, अर्थात् वे अपने वनवास का निमम पालन में दृढ़ रहे।

तं राजाज्ञां दधानोऽपि विपुलांसं जयस्थिरम्।
वनान्निवर्तयामास कथञ्चिद्विदुरं सुधीः ॥४१॥

राजाज्ञां दशरथादेशं दधानोऽपि धारयन्नपि सुधीः बुद्धिमान् रामः विपुलांसं उच्चस्कन्धं जयस्थिरं शत्रुविजये सुस्थिरं विदुरं धीरं 'विदुरो नागरे धीरे कौरवाणां च मन्त्रिणि' इति मेदिनी, तं भरतं कथञ्चित् केनापि प्रकारेण वनात् काननात् निवर्तयामास परावर्तितवान्। अत्रानुष्टुप् छन्दः।

राजा दशरथ की आज्ञा धारण करने वाले बुद्धिमान् राम ने ऊँचे कन्धे वाले शत्रुओं के जीतने में स्थिर धैर्यशाली उस भरत को किसी प्रकार वन से लौटाया।

पक्षे—विपुलां महतीं राजाज्ञां धृतराष्ट्रादेशं दधानोऽपि धारयन्नपि सुधीः बुद्धिमान् युधिष्ठिरः सञ्जयस्थिरं सञ्जयेन कौरवमन्त्रिणा स्थिरं स्थिरीकृतं तं विदुरं विदुरनामकं कौरवमन्त्रिणं कथञ्चित् केनापि प्रकारेण निवर्तयामास परावर्तितवान्।

बहुत बड़ी राजाज्ञा धारण किये हुए बुद्धिमान् युधिष्ठिर ने सञ्जय के द्वारा स्थिरबुद्धि बनाये हुए उस विदुर को किसी प्रकार लौटा दिया।

प्रभ्रंशं कथमपि लम्भितस्य दैवात्
सा भर्तुः समुपगमं प्रतीक्षमाणा।
दायादं तदनु तदीयमेव लक्ष्मी-
र्नाकश्रीरिव नहुषं निषेवते स्म ॥४२॥

दैवात् भागधेयात् कथमपि केनापि प्रकारेण, रामपक्षे—कैकेयीवरदानेन, युधिष्ठिरपक्षे—द्यूतक्रीडनेनेति भावः, प्रभ्रंशं पतनं बहिष्कारमित्यर्थः, लम्भितस्य प्रापितस्य भर्तुः पत्युः रामस्य, पक्षे—युधिष्ठिरस्य समुपगमम् आगमनम् प्रतीक्षमाणा तस्य प्रतीक्षां कुर्वन्ती सा रामसम्बन्धिनी पक्षे—युधिष्ठिरसम्बन्धिनी लक्ष्मीः राजलक्ष्मीः, नाकश्रीः स्वर्गलक्ष्मीः नहुषमिव नहुषनामानं राजानमिव तदनु पश्चात् तदीयमेव तत्सम्बन्धिनमेव रामसम्बन्धिनं, पक्षे—युधिष्ठिरसम्बन्धिनमित्यर्थः, दायादं भ्रातरं भरतं, पक्षे—दुर्योधनं निषेवते स्म सिषेवे। अयं भावः—गौतमशापेन देवेन्द्रे स्वर्गात्पतिते सति तस्य स्वभर्तुरागमनं प्रतीक्षमाणा स्वर्गलक्ष्मीः यथा नहुषं सिषेवे तद्वत् रामस्य, पक्षे—युधिष्ठिरस्य आगमनं प्रतीक्षमाणा राजलक्ष्मीः भ्रातरं भरतं, पक्षे—दुर्योधनं सिषेवे। अत्र प्रहर्षिणीवृत्तम् 'म्नौ ज्रौ गस्त्रिदशयतिः प्रहर्षिणीयम्' इति लक्षणात्, उपमालङ्कारः।

दैवयोग से किसी प्रकार पतन अर्थात् बहिष्कार प्राप्त कराये गये पति राम के, दूसरे पक्ष में-युधिष्ठिर के आगमन की प्रतीक्षा करती हुई वह रामसम्बन्धिनी, दूसरे पक्ष में—युधिष्ठिरसम्बन्धिनी राजलक्ष्मी गौतम के शाप से इन्द्र के बहिष्कृत हो जाने पर उस की प्रतीक्षा करती हुई स्वर्ग की लक्ष्मी नहुष के समान इन के भाई भरत को, दूसरे पक्ष में—दुर्योधन की सेवा करने लगी। अर्थात् स्वर्गलक्ष्मी ने जैसे नहुष की सेवा की उसी प्रकार इन की राजलक्ष्मी इन के दायाद भरत की, दूसरे पक्ष में—दुर्योधन की सेवा करने लगी।

ते चित्रकूटाश्रितपादभाजां
मखश्रियालङ्कृतदण्डकानाम्।
क्रमेण भेजुः क्लमनाशनानि
तपस्विनामाश्रममण्डलानि ॥४३॥

ते रामादयः, पक्षे—युधिष्ठिरादयः चित्रकूटाश्रितपादभाजां चित्रकूटः एतन्नामकः पर्वतः तस्य आश्रितं पादं प्रत्यन्तपर्वतं भजन्ते इति पादभाजः तेषां, पक्षे—चित्राणि विविधवर्णानि कूटानि शिखराणि यस्य तस्य पर्वतस्य आश्रितपादभाजां तत्पर्वताश्रितप्रत्यन्तपर्वतजुषां 'पादाः प्रत्यन्तपर्वताः' इत्यमरः, मखश्रिया यज्ञशोभया अलङ्कृतदण्डकानां सुशोभितदण्डकवनानां, पक्षे-यज्ञसंपदा अलङ्कृतः पर्याप्तं कृतः दण्डकः काम्यकर्म यैस्तेषां 'दण्डको दण्डकारण्ये

काम्यकर्मणि च स्मृतः' इति शब्दार्णवः, तपस्विनां मुनीनाम् क्लमनाशनानि ग्लानिनाशकानि आश्रममण्डलानि क्रमेण क्रमशः भेजुः प्रापुः। अत्रोपेन्द्रवज्रेन्द्रवज्रयोरुपजातिवृत्तम्।

वे राम आदि, दूसरे पक्ष में—युधिष्ठिर आदि चित्रकूट पर्वत से संलग्न प्रत्यन्त पर्वतों का आश्रय लेने वाले, यज्ञ की शोभा से दण्डक वन को सुशोभित करने वाले, दूसरे पक्ष में—विविधरङ्ग के शिखर वाले पहाड़ से संलग्न प्रत्यन्त पर्वतों का आश्रय लेने वाले, यज्ञ की सम्पत्ति से पर्याप्त रूप से काम्य कर्म करने वाले मुनियों के कष्ट दूर करने वाले आश्रमसमूहों में क्रमशः पहुँचे।

अवरोहितराज्येऽपि भर्तर्येकरसा यतः।
तेन निन्ये परां शोभां तद्वधूरनसूयया ॥४४॥

यतः यस्माद्धेतोः अवरोहितराज्येऽपि अवरोहितम् अवतरितं राज्यात् येन तस्मिन् राज्यादधोभूतेऽपि इत्यर्थः भर्तरि पत्यौ एकरसा एकभावा अनन्यरागा इत्यर्थः, तेन तेन हेतुना तद्वधूः तत्पत्नी सीता, पक्षे—द्रौपदी अनसूयया अत्रिपत्न्या परां शोभां निन्ये, अमलिनाभूषणपरिधापनेन उत्कृष्टशोभां प्रापिता, पक्षे—गुणेषु दोषाविष्करणमसूया न असूया अनसूया तया असूयाराहित्येनेत्यर्थः, अतिमनोज्ञतां प्रापिता।

क्यों कि राज्य से उतर जाने पर भी पति में अनन्यराग वाली थी इसलिये उस राम की पत्नी सीता अत्रि की पत्नी अनसूया के द्वारा दिव्य आभूषणों से अत्यन्त सुशोभित की गयी, दूसरे पक्ष में—उस युधिष्ठिर की पत्नी द्रौपदी असूया (जलन) के न रहने के कारण अत्यन्त सुशोभित हुई।

क्षणेन तेषां क्षणदाचरः क्वचिद्विराधनामारचयन् महायुधः।
अरुन्ध पन्थानमरुन्तुदः सतां पुरा ग्रहाणामिव विन्ध्यभूधरः॥४५॥

क्वचित् कुत्रचिद्वने सतां सज्जनानाम् अरुन्तुदः मर्मव्यथाकरः विराधनामा विराधसंज्ञकः क्षणदाचरः निशाचरः राक्षस इत्यर्थः, महायुधः महायुद्धानि आरचयन् कुर्वन् अत्र युध् धातोः क्विप् प्रत्ययः, तेषां रामादीनां, पक्षे—महायुधः महास्त्रधारी क्षणदाचरः राक्षसः किर्मीरः इत्यर्थः, विराधनां विरोधम् आरचयन् कुर्वन् तेषां युधिष्ठिरादीनां क्षणेन तत्क्षणमेव पन्थानं मार्गं पुरा प्राचीनकाले ग्रहाणां सूर्यादीनां मार्गं पन्थानम् आकाशमित्यर्थः, विन्ध्यभूधर इव विन्ध्याचल इव अरुन्ध रुणद्धि स्म। अत्रवंशस्थवृत्तमुपमालङ्कारश्च।

किसी वन में सज्जनों को मर्मव्यथा देने वाले विराधनामवाले राक्षस ने बहुत बड़े युद्धों को करते हुए उन राम आदिकों का, दूसरे पक्ष में—बहुत बड़े हथियार

वाले राक्षस किर्मीर ने विरोध करते हुए उन युधिष्ठर आदिकों का मार्ग, प्राचीन काल में सूर्यादिग्रहों के मार्ग आकाश के विन्ध्याचल पहाड़ के समान रोक दिया।

युद्धारब्धश्चण्डदोर्दण्डघातैर्भिन्दन्सन्धिं द्राग्विनिक्षिप्य भूमौ।
संरम्भोद्यत्पांसु किर्मीरमेनं रक्षोनाथं राक्षसारिर्ममन्थ ॥४४॥

युद्धारब्धः आरब्धं युद्धम् येन सः 'वाहिताग्न्यादिषु' इति परनिपातः, चण्डदोर्दण्डघातैः प्रचण्डबाहुप्रहारैः सन्धिं शरीरसंस्थानं भिन्दन् विदारयन् द्विधाकुर्वन्नित्यर्थः, राक्षसारिः राक्षसशत्रुः रामः, पक्षे—भीमः संरम्भोद्यत्पांसुकिर्मीरम् संरम्भेण आवेगेन उद्यन् उच्छलन् यः पांसुः धूलिः तेन किर्मीरं चित्रं 'चित्रं किर्मीरकल्माषशबलैताश्च कर्बुरे' इत्यमरः, रक्षोनाथं राक्षसाधिपम् एनं विराधं, पक्षे—एनं रक्षोनाथं किर्मीरं किर्मीरनामानं राक्षसेश्वरं संरम्भोद्यत्पांसु संरम्भेण आवेगेन उद्यन् उत्तिष्ठन् पांसुः धूलिः यस्मिन् कर्मणि तद्यथा स्यात्तथा द्राक् शीघ्रं भूमौ निक्षिप्य पृथिव्यां निपात्य ममन्थ निष्पिपेष। अत्र शालिनीवृत्तं 'शालिन्युक्ता म्तौ तगौ गोद्धिलोकैः' इति लक्षणात्।

युद्ध प्रारम्भ करने वाले, प्रचण्ड भुजाओं के प्रहार से शरीरसन्धियों को तोड़ते हुए, राक्षसों के शत्रु राम ने युद्धावेग से उठी हुई धूलि से चित्रित्र राक्षसों के पति इस विराध को, दूसरे पक्ष में—भीम ने राक्षसों के पति किर्मीर को युद्धावेग से उठी है धूली जिस काम में वह जैसा होता है उस प्रकार कुचल डाला।

रक्षसां भयदानेन तैरलङ्कृतदण्डकैः।
सुतीक्ष्णशरभङ्गाढ्या सहसा वनभूरभूत् ॥४७॥

रक्षसां राक्षसानां भयदानेन भयोत्पादनेन अलङ्कृतदण्डकैः अलङ्कृतः सुशोभितः दण्डकः दण्डकारण्यं यैस्तैः, तैः रामादिभिः सहसा तत्क्षणं सुतीक्ष्णशरभङ्गाढ्या सुतीक्ष्णेन शरभङ्गेन च मुनिभ्याम् आढ्या सम्पत्तिशालिनी वनभूः वनभूमिः अभूत् अभवत्, पक्षे—अलङ्कृतदण्डकैः अलङ्कृतः पर्याप्तं कृतः दण्डकः काम्यं कर्म यैस्तैः 'दण्डको दण्डकारण्ये काम्ये कर्मणि च स्मृतः' इति शब्दार्णवः, रक्षसां भयदानेन सुतीक्ष्णशरभङ्गाढ्या सुतीक्ष्णानाम् अतितीव्राणां शराणां बाणानां भङ्गैः खण्डैः राक्षसानामिति शेषः, आढ्या परिपूर्णा वनभूरभूत् वनभूमिः अभवत्। अत्रानुष्टुप् छन्दः।

राक्षसों के भय उत्पन्न करने से सुशोभित किया है दण्डकारण्य जिन्हों ने उन रामादि के द्वारा उसी समय सुतीक्ष्ण, शरभङ्ग मुनियों से वह वनभूमि सम्पत्ति-

शालिनी हो गयी, अर्थात् उक्त मुनि लोग आकर इस वन में वस गये। दूसरे पक्ष में—पर्याप्त रूप से किया गया है काम्य कर्म जिन के द्वारा उन युधिष्ठिरादिकों के द्वारा राक्षसों के भय देने से राक्षसों के तेज बाणों के टुकड़ों से परिपूर्ण वन-भूमि हो गयी।

तं प्रत्यगृह्णन्नातिथ्यैर्मुनयो मनुजेश्वरम्।
स्वकालसंभवैः पुष्पैः कामदेवमिवर्त्तवः ॥४८॥

इति हरधरणीप्रसूतकादम्बकुलतिलकवीरचक्रवर्तिभूपकामदेवप्रोत्साहितकविराजपण्डितविरचिते राघवपाण्डवीये महाकाव्ये कामदेवाङ्के रामयुधिष्ठिरवनप्रयाणं नाम तृतीयः सर्गः ॥ ३ ॥

मुनयः तद्वनवासिनः ऋषयः मनुजेश्वरम् राजानं तं रामं, पक्षे—युधिष्ठिरम् आतिथ्यैः अतिथिसत्कारैः प्रत्यगृह्णन् गृहीतवन्तः संभावयामासुरित्यर्थः, ऋतवः वसन्तादयः स्वकालसम्भवैः स्वसमयप्रादुर्भूतैः पुष्पैः कुसुमैः कामदेवमिव मन्मथमिव। यथा ऋतवः स्वपुष्पैः कामदेवं पूजयन्ति तथैव मुनयः अतिथिसत्कारैरेनं सत्कुर्वन्ति स्म। अथवा एतत्काव्यकारयितारं कामदेवनामानं राजानमिवेत्यपि व्यज्यते। अत्रानुष्टुप्छन्दः उपमालङ्कारः।

इति राघवपाण्डवीये महाकव्ये मैथिलभूसुरसोदरपुरकुलोद्भूतश्रीदामोदरझासाहित्याचार्यविरचितायां सुबोधिनीनामधेयायां व्याख्यायां तृतीयः सर्गः ॥ ३ ॥

वसन्तादि ऋतुएँ जैसे अपने अपने समय में पैदा होने वाले फूलों से कामदेव का सत्कार करती हैं उसी प्रकार उस वन के निवासी मुनियों ने महाराज राम का, दूसरे पक्षमें—युधिष्ठिर का अतिथि-सत्कारों से सत्कार किया। यहाँ इस काव्य की रचना कराने वाले महाराज कामदेव की भी सम्भावना व्यङ्ग्य है।

इति राघवपाण्डवीय महाकाव्य में मैथिल ब्राह्मण सोदरपुरकुलोद्भूतश्रीदामोदरझासाहित्याचार्यविरचित सरला नाम की टीका में तृतीय सर्ग ॥ ३ ॥

—:०:—

चतुर्थः सर्गः

अथारिवर्गं नरदेवसंभवो निराकरिष्यन् परमास्त्रतेजसा ।
उदग्रधन्वा गुरुकार्यमुद्वहन् वनान्तरं प्राप शिवोपलब्धये ॥१॥

अथ अनन्तरम् उदग्रधन्वा उदग्रम् उग्रं धनुः यस्य सः, नरदेवसंभवः राजकुमारः रामः, पक्षे—अर्जुनः परमास्त्रतेजसा महास्त्रप्रभावेण अरिवर्गं शत्रुसमूहं निराकरिष्यन् दूरीकर्तुमिच्छन् गुरुकार्यं महत्कार्यम् उद्वहन् धारयन्, पक्षे—गुरोः युधिष्ठिरस्य कार्यभारं धारयन् शिवोपलब्धये कल्याणप्राप्त्यर्थं, पक्षे—शङ्करस्य दर्शनप्राप्त्यर्थं वनान्तरम् अन्यद्वनं प्राप गतवान् । अत्र वंशस्थवृत्तम्, 'जतौ तु वंशस्थमुदीरितं जरौ' इति लक्षणात् ।

इसके बाद भयङ्कर धनुष वाले राजकुमार राम, दूसरे पक्ष में—अर्जुन महास्त्र के प्रभाव से शत्रुसमूह का निवारण करने की इच्छा से बहुत बड़ा कार्यभार धारण किये हुए, दूसरे पक्ष में--बड़े भाई का कार्यभार धारण किये हुए, कल्याण की प्राप्ति के लिये, दूसरे पक्ष में--शिवजी का साक्षात्कार प्राप्त करने के लिये दूसरे वन में पहुँचे ।

वराहवाधिरोपेण तपोभिर्भावितः पुरः ।
तेनागस्तिरयन्दृष्टो वनेचरवपुः प्रभुः ॥२॥

वराहवाधिरोपेण वरे श्रेष्ठे आहवे युद्धे अधिरोपः अधिरोपणं शरसन्धानमिति यावत्, यस्य तेन, तेन रामेण पुरः अग्रे तपोभिः तपश्चरणैः भावितः संभावितः अर्हणीय इत्यर्थः, प्रभुः प्रभाववान् अयन् गच्छन् वनेचरवपुः वनेचराणां वनवासिनां वपुः शरीरं यस्य सः जटावल्कलधारीत्यर्थः, अगस्तिः अगस्त्यो मुनिः दृष्टः अवलोकितः । स अगस्त्यस्य आश्रममाजगामेत्यर्थः । अत्रानुष्टुप् छन्दः ।

श्रेष्ठ युद्ध में धनुषारोपण करने वाले उस राम के द्वारा सामने में तपस्याओं से पूजनीय, प्रभावशाली, आते हुए, वनवासियों का स्वरूप धारण करने वाले अगस्त्य मुनि देखे गये । अर्थात् राम ने अगस्त्य मुनि के आश्रम में जाकर उन का दर्शन किया ।

पक्षे—वराहबाधिरोपेण वराहस्य शूकरस्य बाधी बाधको रोपः बाणः यस्य तेन 'शररोपणयो रोपः' इति त्रिकाण्डशेषः, तेन अर्जुनेन तपोभिः तपस्याभिः पुरः अग्रे भावितः कृतः प्रकटीकृत इत्यर्थः, वनेचर-वपुः किरातशरीरधारी आगस्तिरयन् आगः अपराधं तिरयन् आच्छादयन् अर्जुनकृतं युद्धरूपमपराधम् अगणयन्नित्यर्थः, प्रभुः ईश्वरः शिवः दृष्टः अवलोकितः शिवोऽस्य दर्शनगोचरं गत इत्यर्थः।

शूकर को बाधा करने वाले अर्थात् मारने वाले बाण हैं जिस के उस अर्जुन के द्वारा तपस्याओं से प्रत्यक्ष किये गये, किरात शरीरधारी, अर्जुन के किये हुए युद्ध रूपी अपराध को न गिनने वाले प्रभु शिव जी देखे गये। अर्थात् अर्जुन को शिव जी का दर्शन हुआ।

निबद्धतूणः कवची धनुष्मान् महर्षिशस्यां समितिं प्रविष्टः।
असौ मृगव्याधवपुर्धरेण हरेण तुल्यो मुनिभिर्व्यलोकि ॥३॥

निबद्धतूणः कट्यां बद्धनिषङ्गः कवची कवचधारी धनुष्मान् चाप-धारी महर्षिशस्यां महर्षिभिः प्रशंसनीयां समितिं सभां, पक्षे—युद्धं 'समितिः संपराये स्यात्सभायां संगमेऽपि च' इति मेदिनी, प्रविष्टः समुपस्थितः, मृगव्याधवपुर्धरेण मृगानुसारिव्याधशरीरधारकेण 'पुरा काममोहितस्य स्वपुत्रीमनुसरतो ब्रह्मणः शिरः व्याधरूपं विधाय शिवश्चिच्छेद' इति पौराणिकी कथा, हरेण शिवेन तुल्यः सदृशः असौ रामः मुनिभिः ऋषिभिः व्यलोकि अवलोकितः। पक्षे—मुनिभिः तुल्यः तपश्चरणेन ऋषिभिः सदृशः असौ अर्जुनः मृगव्याधवपुर्धरेण मृगाणां व्याधः वेद्धा किरात इत्यर्थः तच्छरीरधारकेण हरेण शिवेन व्यलोकि दृष्टः। अत्रोपेन्द्रवज्रावृत्तम् उपमालङ्कारः।

तरकस बान्धे हुए, कवच पहने हुए धनुष धारण किये, महाऋषियों से प्रशंसित सभा में प्रवेश किये हुए, मृगरूपधारी ब्रह्मा के पीछे व्याध का शरीर धारण करने वाले शिव जी के समान यह राम मुनियों के द्वारा देखे गये। दूसरे पक्ष में—महाऋषियों से प्रशंसित युद्ध में प्रवेश किये हुए, तपस्या करने से मुनियों के समान यह अर्जुन मृग मारने वाले व्याध अर्थात् किरात का शरीर धारण करने वाले शिवजी के द्वारा देखे गये।

तमग्रतो दर्शितविग्रहं प्रभुं
कृतप्रसादं प्रणिपत्य मौलिना।

स कुम्भजन्मानमवाप्य शंकरात्
ततो धनुर्वेदमयं समादधे ॥४॥

स रामः अग्रतः अग्रे दर्शितविग्रहं दर्शितशरीरम् 'अथ विग्रहः। संग्रामे प्रविभागे च देहविस्तारयोरपि' इति त्रिकाण्डशेषः, प्रभुं प्रभावशालिनं कृतप्रसादं कृतः प्रसादः प्रसन्नता येन तं, तं कुम्भजन्मानम् अगस्त्यम् अवाप्य प्राप्य उपसृत्येत्यर्थः, मौलिना शिरसा प्रणिपत्य प्रणामं कृत्वा ततः तस्मात् शंकरात् कल्याणकारकाद् अयं रामः धनुर्वेदं बाणविद्याम् समादधे धारयामास शिक्षितवानित्यर्थः। अत्र वंशस्थवृत्तम्।

वह राम सामने में प्रत्यक्षदर्शन देने वाले, प्रभावशाली प्रसन्नता दिखलाने वाले उस अगस्त्य के पास पहुँच कर शिर के द्वारा प्रणाम कर के उस कल्याण करने वाले अगस्त्य से इस राम ने बाणविद्या ग्रहण की।

पक्षे--सः अर्जुनः अग्रतः पूर्वं दर्शितविग्रहं प्रकटितयुद्धं प्रभुं प्रभावशालिनं कृतप्रसादं कृतः प्रसादः प्रसन्नता येन तम्, तं सम् तं शङ्करं 'सः कोपे वरणे सः स्यात् तथा शूलिनि कीर्तितः' इति एकाक्षरकोशः, मौलिना कुं पृथ्वीं भजन् प्राप्नुवन् 'गोत्रा कुः पृथिवी पृथ्वी' इत्यमरः, प्रणिपत्य प्रणामं कृत्वा ततः तस्मात् शंकरात् शिवात् मानं सम्मानम् अवाप्य प्राप्य अयम् अर्जुनः धनुर्वेदम् बाणविद्याम् आदधे गृहीतवान्।

उस अर्जुन ने पहले युद्ध करने वाले, प्रभावशाली, प्रसन्नता दिखलाने वाले उस शङ्कर जी को पृथ्वी पर पहुँच कर प्रणाम करके अर्थात् साष्टाङ्ग प्रणाम कर के उस शंकर जी से सम्मान प्राप्त कर के इस अर्जुन ने बाणविद्या ग्रहण की।

इति स विबुधविद्विड्घस्मराद्ब्रह्मयोने-
रधिगतपरमास्त्रोद्भासितूणीकृपाणः।
अभिलषितजयश्रीर्नाकधाम्नां निकायै-
र्वनभुवि कृतवासः स्वस्थतां संप्रपेदे ॥५॥

स रामः इति एवंप्रकारेण विबुधविद्विड्घस्मरात् विबुधानां देवानां ये विद्विषः शत्रवः राक्षसा इत्यर्थः, तेषां घस्मरः भक्षकः आतापिवातापिदानवभक्षकः इत्यर्थः, पक्षे--नाशकः तस्मात्, ब्रह्मयोनेः वेदोत्पादकात् अगस्त्यात्, पक्षे—शंकरात् अधिगतपरमास्त्रोद्भासितूणी-कृपाणः अधिगतं प्राप्तं यत् परमास्त्रं महास्त्रं तेन उद्भासिनौ देदीप्यमानौ तूणीकृपाणौ निषङ्गकरवालौ यस्य सः, 'तूणी नील्यां निषङ्गे च' इति

मेदिनी, नाकधाम्नां स्वर्गवासिनां निकायैः समूहैः अभिलषितजयश्रीः अभिलषिता जयश्रीः जयलक्ष्मीः यस्य सः, वनभुवि काननभूमौ कृतवासः कृतनिवासः स्वस्थतां शान्तिं संप्रपेदे प्राप्तवान् । पक्षे—अभिलषितजयश्रीः अभिलषिता जयश्रीः शत्रुविजयलक्ष्मीः यस्य सः, नाकधाम्नां निकायैः स्वर्गवासिनां समूहैः स्वस्थतां स्वःस्थतां स्वर्गावस्थानं संप्रपेदे प्राप्तवान् । अस्मिन् पक्षे 'खर्परे शरि वा विसर्गलोपो वक्तव्यः' इति विसर्गस्य लोपः, इन्द्रादिदेवैरयं स्वर्गमानीतः इति भावः । अत्र मालिनीवृत्तम् 'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः' इति लक्षणात् ।

इस प्रकार से देवों के शत्रु आतापि-वातापि दानव के खाने वाले, दूसरे पक्ष में—देवों के शत्रुओं का नाश करने वाले उस वेदों के उत्पन्न करने वाले, अगस्त्य से, दूसरे पक्षमें—शिवजी से प्राप्त किये हुए महास्त्रों से चमकते हुए निषङ्ग-तलवार वाले, स्वर्गवासी देवों के द्वारा अभिलषित है विजयलक्ष्मी जिसकी ऐसे वह राम वनभूमि में निवास करते हुए शान्ति प्राप्त किये । दूसरे पक्षमें—अभिलषित है शत्रु विजय-लक्ष्मी जिसकी वह अर्जुन वन में निवास करते हुए, स्वर्गवासी देवों के द्वारा स्वर्गवास प्राप्त कराये गये । अर्थात् निवातकवचों को मारने के लिये इन्द्रादिकों के द्वारा वह स्वर्ग लाये गये ।

अर्जुनेन यशसानुलिम्पता तच्चरित्रजनितेन दिक्तटीः ।
अध्यरोहि बलविद्विषः सभा विह्वलीकृतसुरारियोषिता ॥६॥

तच्चरित्रजनितेन तदुच्चचारित्रोत्पन्नेन अर्जुनेन श्वेतेन दिक्तटीः दिग्भित्तीः अनुलिम्पता स्वधवलिम्ना धवलयता विह्वलीकृतसुरारियोषिता विह्वलीकृताः व्याकुलीकृताः सुरारियोषितः दैत्यपत्न्यः येन तेन यशसा रामसम्बन्धिना यशसा बलविद्विषः इन्द्रस्य सभा अध्यरोहि आरूढा । पक्षे—तच्चरित्रजनितेन विह्वलीकृतसुरारियोषिता दिक्तटीः अनुलिम्पता यशसा अर्जुनेन पार्थेन बलविद्विषः सभा इन्द्रस्य सभा अध्यरोहि आरूढा । अर्जुनः स्वर्गं गतवानित्यर्थः । अत्र रथोद्धता वृत्तम् 'रान्नराविह रथोद्धता लगौ' इति लक्षणात् ।

इसके चरित्र से उत्पन्न हुए सफेदरङ्ग वाला अपनी सफेदी से दिग्भित्ति को सफेद करने वाला दैत्यों की पत्नियों को व्याकुल करने वाला इस राम का यश इन्द्र की सभा तक पहुँच गया । दूसरे पक्ष में—उसके चरित्र से पैदा होने वाले, दैत्यों की पत्नियों को व्याकुल करने वाले, दिग्भित्तियों की सफेदी करने वाले यश के कारण अर्जुन इन्द्र की सभा में पहुँचे ।

तस्मिन् दुरापे वसतः प्रदेशे लब्धास्त्रजातस्य मनोभवान्धा ।
तस्योर्वशीतुल्यविलासवेषा क्षपाचरी सन्निधिमाजगाम ॥७॥

लब्धास्त्रजातस्य प्राप्तशस्त्रस्य तस्मिन् प्रदेशे जनस्थाने, पक्षे—स्वर्गे वसतः निवसतः तस्य रामस्य, पक्षे—अर्जुनस्य उर्वशीतुल्यविलासवेषा उर्वशीतुल्यौ उर्वशीसदृशौ विलासवेषौ विलासप्रसाधने यस्याः सा, क्षपाचरी निशाचरी राक्षसी, पक्षे-तुल्यविलासवेषा तुल्यः अनुरूपः विलासवेषः संभोगप्रसाधनम् यस्याः सा क्षपाचरी रात्रिचारिणी अभिसारिकेत्यर्थः उर्वशी उर्वश्याख्या अप्सराः सन्निधिं समीपम् आजगाम आगतवती। अत्रेन्द्रवज्रोपेन्द्रवज्रयोरुपजातिवृत्तम् एकस्मिन् पक्षे उपमालङ्कारः।

अगस्त्य ऋषि से अस्त्र प्राप्त किये हुए उस जनस्थान प्रदेश में वास करने वाले उस राम के समीप उर्वशी अप्सरा के समान विलास तथा वेष वाली राक्षसी शूर्पणखा आई। दूसरे पक्ष में—शङ्कर भगवान् से अस्त्र प्राप्त किये हुए उस स्वर्गप्रदेश में निवास करने वाले उस अर्जुन के समीप विलास के अनुरूप वेष धारण कर के रात में विचरण करने वाली अभिसरिका हो कर उर्वशी नाम की अप्सरा आई।

अकामं चकमे सा तं तरुणं ज्यायसी सती ।
वैषम्येण हि पुंनार्योर्घटना मृतजीविका ॥८॥

ज्यायसी सती आयुषा ज्येष्ठा भवन्ती सा शूर्पणखा, पक्षे—उर्वशी अकामं संभोगाभिलाषरहितं तरुणं युवानं तं रामं, पक्षे—अर्जुनं चकमे कामयते स्म। हि यतः वैषम्येण आयुषा जात्या वा अल्पाधिकक्रमेण पुंनार्योः पुरुषस्त्रियोः घटना संयोगः मृतजीविका भवति मृतस्य मृत्योः 'मृतं तु याचिते मृत्यौ क्लीबं मृत्युमति त्रिषु' इति मेदिनी, जीविका आजीवः, जीवनोपायः इति यावत्, मृत्योः समीपानयनकारिणीति तात्पर्यम् भवतीति शेषः। अत्रानुष्टुप्छन्दः, अर्थान्तरन्यासोऽलङ्कारः।

उम्र में बहुत बड़ी होने पर भी उस शूर्पणखा ने उस के साथ उपभोग की अभिलाषा से रहित उस युवक राम के संभोग की कामना की, दूसरे पक्ष में—उस उर्वशी ने उसके साथ उपभोग की अभिलाषा से रहित उस युवक अर्जुन के संभोग की कामना की। कवि कहते हैं कि-उम्र में तथा जाति में विषमता रहने पर पुरुषस्त्रियों का संयोग मरण को जीविका है, अर्थात् 'वृद्धा तु प्राणहारिणी' के नियम से यह कार्य प्राण हरण करने वाला है।

चुकोप सा भृशं तस्मै प्रातिकूल्यान्निराकृता ।
कर्णनासापनोदोऽयं कर्णनापसानोदोऽयं स्त्रीणां यदवमानना ॥९॥

निराकृता प्रत्याख्याता सा शूर्पणखा प्रातिकूल्यात् प्रतिकूलाचरणात् तस्मै रामाय भृशम् अत्यन्तं चुकोप कुपिताभूत् स्त्रीणां वनितानां यदवमानना यः अपमानः कर्णनासापनोदः कर्णनासिकाछेदनम् अयम् तेन विहितः इति शेषः । अनुष्टुप्छन्दः ।

अस्वीकृत हुई वह शूर्पणखा प्रतिकूलाचरण से उस राम के लिये अत्यन्त कुद्ध हुई । स्त्रियों का जो अपमान है नाक कान-काटना यह उनके द्वारा किया गया ।

पक्षे—प्रत्याख्याता सा उर्वशी प्रतिकूलाचरणात् तस्मै अर्जुनाय अत्यन्तं कुपिताऽभवत्, स्त्रीणां वनितानां यदवमानना यः अपमानः अयं कर्णनासापनोदः कर्णनासिकाच्छेदनमेव ।

अस्वीकृत हुई वह उर्वशी प्रतिकूल आचरण करने से उस अर्जुन के लिये अत्यन्त कुद्ध हुई, स्त्रियों का जो अपमान है वह कान-नाक काटना है अर्थात् स्त्रियों की संभोग-प्रार्थना का अस्वीकार करना, कान-नाक काटने के समान है ।

सा सर्वलोकैरपि दुष्प्रधर्षा विलज्यतां प्राप्य तदातदर्हा ।
तत्पौरुषस्य प्रतिरोधकानि व्याहृत्य वाक्यानि विनिर्जगाम ॥१०॥

सर्वलोकैः सर्वजनैः अपि दुष्प्रधर्षा दुरभिभवनीया तदर्हा तदपमाननासिकाकर्णच्छेदनयोग्या सा शूर्पणखा तदा तस्मिन् समये विलज्यतां सलज्जतां प्राप्य अनुभूय तत्पौरुषस्य तस्य रामस्य पराक्रमस्य प्रतिरोधकानि अवरोधकानि वाक्यानि वचनानि व्याहृत्य उक्त्वा खरदूषणाभ्यामिति शेषः, विनिर्जगाम अगच्छत् । अत्रेन्द्रवज्रो-पेन्द्रवज्रयोरुपजातिः ।

सभी लोगों के द्वारा भी नहीं धर्षण करने योग्य उस नाक-कान काटने के अपमान के योग्य वह शूर्पणखा लज्जा प्राप्त कर के उस राम के पराक्रम के रोकने वाले वचन खरदूषण को कह कर चली गई ।

पक्षे—सर्वलोकैः सर्वजनैः अपि दुष्प्रधर्षा दुःखेन धर्षणीया काठिन्येन प्रत्याख्यापनीयेति यावत्, अतदर्हा प्रत्याख्यानायोग्या सा उर्वशी तदा तस्मिन् समये विलक्ष्यतां लक्ष्यभ्रष्टतां मनोरथभङ्गमिति यावत्, प्राप्य लब्ध्वा तत्पौरुषस्य तत्पुरुषत्वस्य प्रतिरोधकानि विरो-

धीनि वाक्यानि वचनानि व्याहृत्य उक्त्वा नपुंसकत्वप्राप्तिरूपं शापं दत्त्वेत्यर्थः, विनिर्जगाम अगच्छत्।

सभी लोगों के द्वारा भी कठिन से तिरस्कार करने योग्य, उस प्रत्याख्यान-रूपी तिरस्कार के अयोग्य वह उर्वशी उस समय में लक्ष्यभ्रष्टता अर्थात् मनोरथ-भङ्ग प्राप्त कर के उस के पुरुषत्व के विरोधी वचन कह कर अर्थात् नपुंसक होने का शाप देकर चली गई।

कृतवैरास्ततस्तेन खरदूषणसंगताः।
निवातकवचास्तूर्णं तं जग्मुः शक्रविद्विषः ॥११॥

ततस्तदनन्तरं तेन रामेण कृतवैराः कृतशत्रुभावाः निवातकवचाः निवाताः दृढाः कवचाः सन्नाहाः येषां ते 'निवातो दृढसंनाहे वातशून्येऽपि चाश्रये' इति मेदिनी, खरदूषणसंगताः खरेण दूषणेन च सम्मिलिताः शक्रविद्विषः इन्द्रशत्रवः राक्षसा इत्यर्थः, तूर्णं शीघ्रं तं रामं जग्मुः प्रापुः। अत्रानुष्टुप् छन्दः।

इस के बाद उस राम से शत्रुता करनेवाले मजबूत कवच वाले खर तथा दूषण से संयुक्त इन्द्र के शत्रु राक्षस गण शीघ्र ही उस राम के पास पहुँचे।

पक्षे—ततस्तदनन्तरं तेन अर्जुनेन कृतवैराः शत्रुत्वं धारयन्तः, खरदूषणसंगताः खरेण तीक्ष्णेन दूषणेन दोषेण संगताः संयुक्ताः, शक्रविद्विषः इन्द्रशत्रवः निवातकवचाः निवातकवचसंज्ञकाः राक्षसाः तम् अर्जुनं तूर्णं शीघ्रं जग्मुः प्रापुः।

इसके बाद उस अर्जुन से शत्रुता करने वाले बड़े दोषों से संयुक्त, इन्द्र के शत्रु निवातकवच नाम के राक्षस उस अर्जुन के पास शीघ्र पहुँचे।

जनस्थानं विसृज्याथ ते चास्थाने कृतोद्यमाः।
रणस्थानं जवाज्जग्मुर्यमस्थानोपकण्ठगाः ॥१२॥

अथ अनन्तरम् अस्थाने अनुचितमेव कृतोद्यमाः कृतप्रयत्नाः 'स्थाने तु करणार्थे स्याद् युक्तसादृश्ययोरपि' इति मेदिनी, यमस्थानोपकण्ठगाः यमनिलयसमीपगामिनः मुमूर्षव इत्यर्थः, ते राक्षसाः जनस्थानं विसृज्य दण्डकारण्यविभागं जनस्थानसंज्ञकं त्यक्त्वा, पक्षे—मूर्खाणां स्थानं स्वनगरम् त्यक्त्वा, 'जनो लोके महर्लोकात्परलोके च पामरे' इति मेदिनी, अथवा भूलोकात् पञ्चमं लोकं जनलोकं त्यक्त्वा जवात् वेगात् रणस्थानं युद्धभूमिं जग्मुः गतवन्तः। अनुष्टुप् छन्दः।

इसके बाद अनुचितरूप से प्रयत्न करने वाले, यमराज के घर के समीप जाने वाले अर्थात् मरने के इच्छुक वे राक्षस जनस्थान नामक वन-विभाग छोड़ कर,

दूसरे पक्षमें—मूर्खों का स्थान अपना नगर छोड़ कर अथवा भूलोक से पाँचवें लोक जनलोक को छोड़ कर बड़े वेग से युद्ध भूमि में पहुँचे।

सान्द्रस्यन्दनवंशसिन्धुरघटागन्धर्ववृन्दोज्ज्वले,
खड्गव्यग्रकराग्रपत्तिपृतनासंपत्तिविस्तारिणि ।
तं वीरं प्रतियाति वैरिनिकरे कल्पान्तकादम्बिनी-
गम्भीरैरुदजृम्भि भीरुभयदैः संग्रामभेरीरवैः ॥१३॥

सान्द्रस्यन्दनवंशसिन्धुरघटागन्धर्ववृन्दोज्ज्वले सान्द्राः निबिडा ये स्यन्दनवंशाः रथध्वजदण्डाः, सिन्धुरघटाः हस्तिसमूहाः, गन्धर्वाणाम् अश्वानां वृन्दानि 'वाजिवाहार्वगन्धर्वहयसैन्धवसप्तयः' इत्यमरः, तैः उज्ज्वले देदीप्यमाने, खड्गव्यग्रकराग्रपत्तिपृतनासंपत्तिविस्तारिणि खड्गे खड्गास्फालने व्यग्रा व्यावृताः कराग्राः हस्ताग्रभागाः यासाम् एवंभूताः पत्तयः पादचारिणः यस्याम् एवंभूता या पृतनासंपत्तिः सेनासंपत् तां विस्तारयतीति तस्मिन् वैरिनिकरे शत्रुसमूहे तं वीरं रामं, पक्षे—अर्जुनं प्रतियाति उपगच्छति सति कल्पान्तकादम्बिनीगम्भीरैः प्रलयकालमेघमालावन्मांसलैः भीरुभयदैः कातरभयोत्पादकैः संग्राम-भेरीरवैः युद्धपटहशब्दैः उदजृम्भि उज्जृम्भितम् प्रवृद्धमिति यावत्। अत्र शार्दूलविक्रीडितं वृत्तम् उपमालङ्कारः।

रथों के सघन ध्वजदण्डों से, हाथियों की घटाओं से, घोड़ों के समूहों से चमकते हुए, तलवार चलाने में व्यस्त हाथ के अग्रभागवाले पैदलों की सेना-संपत्ति के विस्तृत करने वाले शत्रुसमूह के उस वीर राम के पास, दूसरे पक्ष में—उस वीर अर्जुन के पास पहुँचने पर प्रलयकाल की मेघमाला के गर्जन के समान पुष्ट तथा कायरों को भय देने वाले युद्ध के भेरीनिनादों के द्वारा वृद्धि प्राप्त की गयी। अर्थात् जुझारू बाजों का शब्द अत्यन्त भयङ्कर रूप से बढ़ गया।

समन्ताच्छृण्वन्त्यः समरपटहध्वानमचिरा-
द्यथासन्नाः कल्पद्रुमविरचनाविभ्रमभृतः ।
नभोगर्भे चेरुर्मृधनिहतयोधग्रहपराः
कपोलोद्यत्स्वेदप्रकरकणिका दिव्यगणिकाः ॥१४॥

समरपटहध्वानम् युद्धभेरीनिनादं समन्तात् सर्वत्र शृण्वन्त्यः आकर्णयन्त्यः यथासन्नाः यथासमीपावस्थायिन्यः अचिरात् शीघ्रं

कल्पद्रुमविरचनाविभ्रमभृतः कल्पद्रुमस्य कल्पवृक्षस्य विरचनया शृङ्गारप्रसाधनेन विभ्रमभृतः विलासधारिण्यः मृधनिहतयोधग्रहपराः युद्धमृतवीरग्रहणतत्पराः अहमहमिकया मृतवीराणां वरणकारिण्यः इत्यर्थः, कपोलोद्यत्स्वेदप्रकरकणिकाः सात्त्विकभावेन कपोलेषु गण्डस्थलेषु उद्यन्त्यः प्रादुर्भवन्त्यः स्वेदप्रकरकणिकाः घर्मजलनिचय-बिन्दवः यासां ताः, दिव्यगणिकाः स्वर्गीयवेश्याः अप्सरस इत्यर्थः नभोगर्भे आकशमध्ये चेरुः बभ्रमुः। अयमर्थः, उभयत्र समान एव अत्र शिखरिणीवृत्तम्।

युद्ध के नगाड़ों का शब्द सब जगह सुनती हुई, जो जितने समीप में थीं उस क्रम से शीघ्र ही कल्पवृक्ष के दिये हुए प्रसाधनों से शृङ्गार धारण करने वाली, युद्ध में मरे हुए वीरों को पतिरूप में ग्रहण करने में तत्पर, सात्त्विक भाव से गालों पर प्रकट हुए पसीने के जल की बूदों वाली अप्सराएँ आकाश में विचरण करने लगीं।

जवनपवनपातैर्दिक्षु विस्तारितायां
बहलसमरधूलीवागुरायां निमग्नः।
परिमलिनितवक्त्रः शोचनीयामवस्था-
मभजत परितूर्णं रुद्धपादः पतङ्गः ॥१५॥

उभयोः युद्धयोः जवनपवनपातैः वेगवद्वायुसञ्चारैः दिक्षु दिशासु विस्तारितायां प्रसारितायां बहलसमरधूलीवागुरायाम् अत्यधिक-युद्धधूलीजाले, वागुराजालविशेषः, 'वागुरा मृगबन्धनी' इत्यमरः, तत्र निमग्नः अन्तर्हितः, परिमलिनितवक्त्र मलीमसीकृतमुखः रुद्धपादः बाधितरश्मिः 'पादारश्म्यंघ्रितुर्यांशाः' इत्यमरः, पतङ्गः सूर्यः परितूर्णं शीघ्रं शोचनीयामवस्थां करुणात्मिकां परिस्थितिम् अभजत धारयामास। युद्धोद्धतधूलीनिकरैरादित्योऽप्याच्छादितोऽभूदित्यर्थः। अत्र मालिनीवृत्तम्। 'ननमयययुतेयं मालिनी भोगिलोकैः' इतिलक्ष-णात्। पतङ्ग इत्यत्र 'पक्षी' इत्यर्थकरणेन प्रस्तुतादप्रस्तुतार्थव्यक्तेः समासोक्तिरलङ्कारः।

राम तथा अर्जुन दोनो के युद्धों में तेज हवा के चलने से दिशाओं में फैलाये गये अतिसघन युद्धधूली के जाल में डूबे हुए मलिनमुखवाले, अवरुद्ध-किरण-वाले सूर्य शीघ्र ही शोचनीय अवस्था प्राप्त कर गये। युद्ध से उठी हुई सघन धूली समूह से आच्छादित किरण वाले सूर्य दयनीय दशा प्राप्त कर गये।

अथोच्चलत्कलकलघोषभीषणं
तदागतं बलमवलोक्य विद्विषाम् ।
उपाददे नरपतिनन्दनो धनु-
र्घनाघनः कुलिशवरायुधं यथा ॥१६॥

अथ अनन्तरम् उच्चलत् सञ्चलत् कलकलघोषभीषणं कलकलघोषेण कोलाहलशब्देन भीषणं भयङ्करं विद्विषां शत्रूणां खरदूषणादीनां, पक्षे—निवातकवचानां तद्बलं तत्सैन्यम् आगतमवलोक्य समुपस्थितं दृष्ट्वा कुलिशवरायुधं श्रेष्ठवज्रास्त्रं घनाघनः यथा इन्द्र इव 'शक्रघातुकमत्तेभवर्षुकाब्दा घनाघनाः' इति विश्वः, नरपतिनन्दनः राजकुमारः रामः, पक्षे—अर्जुनः धनुरुपाददे चापं जग्राह इत आरभ्य सप्तविंशं श्लोकं यावत् रुचिरावृत्तम् । चतुर्ग्रहैर्यतिरुचिरा जभौ स्रजगा' इतिलक्षणात्, उपमालङ्कारः ।

इस के बाद चलती हुई तथा कोलाहलशब्द से भयङ्कर शत्रुओं की खरदूषण आदिकों की, पक्षे—निवातकवचों की उस सेना को आये हुए देख कर श्रेष्ठ हथियार वज्र जैसे इन्द्र धारण करते हैं, उसी प्रकार राजकुमार राम ने, दूसरे पक्ष में—अर्जुन ने धनुष धारण किया ।

विसारिणीमपि जगतीन्द्रनन्दनो
महारथाक्रमणसमग्रविक्रमः ।
रुरोध तां विबुधविरोधिवाहिनीं
महोदधेर्मलय इवोर्मिसन्ततिम् ॥१७॥

महारथाक्रमणसमग्रविक्रमः महारथानां महावीराणाम् 'आत्मानं सारथिञ्चाश्वान् रक्षन् युध्येत यो नरः । स महारथसंज्ञः स्यादित्याहुर्नीतिकोविदाः' आक्रमणे समग्रः सम्पूर्णः विक्रमः पराक्रमः यस्य सः जगतीन्द्रनन्दनः भूपतिकुमारः रामः, पक्षे—अर्जुनः महोदधेः समुद्रस्य ऊर्मिसन्ततिं तरङ्गपरम्पराम् मलय इव मलयाचल इव तां विबुधविरोधिवाहिनीं देवशत्रूणां सेनां रुरोध रुणद्धि स्म । अत्र उपमालङ्कारः ।

महावीरों के आक्रमण में सम्पूर्ण पराक्रम है जिस का उस राजकुमार राम ने, दूसरे पक्ष में—अर्जुन ने महासमुद्र की लहरों के समूह को मलय पर्वत के समान उस राक्षसी सेना को रोक दिया ।

तरस्विनां द्विरदरथाश्वचारिणां
सिसृक्षतां प्रहरणपङ्क्तिमुज्ज्वलाम् ।
विरोधिनामधिरणमेकलक्ष्यतां
चिरं दधौ नृपसुत एक एव सः ॥१८॥

तरस्विनां वेगवतां द्विरदरथाश्वचारिणां द्विरदरथाश्वेषु हस्तिस्यन्दनवाजिषु विचरताम् उज्ज्वलां देदीप्यमानां प्रहरणपङ्क्तिम् अस्त्रपरम्परां सिसृक्षतां स्रष्टुमिच्छतां विरोधिनां शत्रूणां खरदूषणादीनां, पक्षे—निवातकवचानाम् अधिरणं युद्धे सः एक एव स एकल एव नृपसुतः राजकुमारः रामः, पक्षे—अर्जुनः एकलक्ष्यताम् एकशरव्यतां चिरं बहुकालं यावत् दधौ धारयामास ।

वेग से सम्पन्न तथा हाथी रथ घोड़ों पर चढ़ कर विचरण करने वाले, चमकते हुए अस्त्रों की वर्षा करने के इच्छुक शत्रुओं का, युद्ध में वह अकेले ही राजकुमार राम, दूसरे पक्ष में—अर्जुन बहुत समय तक एक लक्ष्य बने रहे ।

नियन्तृभिर्युधि पुरतः प्रधाविता
रथाः पुरःपवनपराङ्मुखीकृतैः ।
व्यदर्शयन्दिशमिव केतनांशुकैः
पराजये झटिति पलायनोचिताम् ॥१९॥

युधि युद्धे नियन्तृभिः सारथिभिः पुरतः अग्रे प्रधाविताः वेगेन चालिताः रथाः स्यन्दनाः पुरःपवनपराङ्मुखीकृतैः पुरःपवनेन अग्रतः समागतवायुना अशुभसूचकपवनेनेत्यर्थः, पराङ्मुखीकृतैः पृष्ठमुखीकृतैः केतनांशुकैः ध्वजाञ्चलवस्त्रैः करणभूतैः पराजये सति पराभवे सति झटिति शीघ्रं पलायनोचितां पलायनयोग्यां दिशं व्यदर्शयन्निव दर्शयामासुरिव तान् राक्षसानिति शेषः अत्र उत्प्रेक्षालङ्कारः ।

युद्ध में सारथियों के द्वारा आगे को ओर दौड़ाए गये रथों ने सामने से आते हुए अशुभ पवन से विमुख किये गये ध्वजाञ्चलवस्त्रों के द्वारा, पराजय होने पर शीघ्र पलायन करने के योग्य दिशा मानो राक्षसों को दिखलायी ।

अथापतन्नृपतनयस्य सर्वतः
पतिष्यतः शरनिकरस्य दूतिकाः ।

अनादरादरिपृतनासु दृष्टयः
सरोजिनीष्विव रजनीपतेस्त्विषः ॥२०॥

अथ अनन्तरं नृपतनयस्य राजकुमारस्य रामस्य, पक्षे—अर्जुनस्य सर्वतः सर्वत्र पतिष्यतः निपतिष्यमाणस्य शरनिकरस्य बाणसमूहस्य दूतिकाः दूतीस्वरूपाः दृष्टयः दृष्टिपाताः अरिपृतनासु शत्रुसेनासु, सरोजिनीषु कमलिनीषु रजनीपतेः चन्द्रस्य त्विषः इव अंशवः इव अनादरात् अवहेलाबुद्धया अपतन् न्यपतन्। उपमालङ्कारः।

इसके पश्चात् राजकुमार राम की, दूसरे पक्ष में—अर्जुन की सब जगह भविष्य में गिरने वाले बाणसमूह की दूती के स्वरूप दृष्टियाँ शत्रुओं की सेना के ऊपर, कमलिनियों के ऊपर चन्द्रमा की किरणों के समान अवहेलाबुद्धि से गिरीं।

उदञ्चयन्ध्वजमिव विक्रमश्रियो
विजृम्भयन् फणमिव रोषभोगिनः।
प्ररोहयन्विजयतरोरिवाङ्कुरं
व्यभाव्यत भ्रुकुटिमता मुखेन सः ॥२१॥

भ्रुकुटिमता भ्रूभङ्गयुक्तेन मुखेन आननेन सः रामः, पक्षे—अर्जुनः विक्रमश्रियः पराक्रमलक्ष्म्याः ध्वजं पताकादण्डम् उदञ्चयन्निव उत्तोलयन्निव, रोषभोगिनः क्रोधस्वरूपसर्पस्य फणमिव फटामिव विजृम्भयन् विस्तारयन्, विजयतरोः विजयवृक्षस्य अङ्कुरं नूतनप्ररोहं प्ररोहयन्निव उद्भावयन्निव व्यभाव्यत विलोकितोऽभूत्। उत्प्रेक्षात्रयमलङ्कारः।

भ्रूभङ्ग वाले मुख से वह राम, दूसरे पक्ष में—अर्जुन पराक्रम-लक्ष्मी के ध्वज उठाते हुए के समान, क्रोधरूपी सर्प का फणा फैलाते हुए के समान, विजय वृक्ष के नवीन अङ्कुर को बढ़ाते हुए के समान मालूम हुए।

भुजेन तद्भुजगनिभेन भूभृत-
स्तनुत्रिणा विहितविधूननं धनुः।
अबूबुधच्छरधिगुहान्तशायिनः
स्वनिःस्वनैरिव समराय सायकान् ॥२२॥

भूभृतः भुवं पृथ्वीं बिभर्ति पुष्णाति इति भूभृत् तस्य वनभूरक्षकस्य रामस्य, पक्षे—अर्जुनस्य तद्भुजगनिभेन सः प्रसिद्धः, शेषनाग

